

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, शनिवार 13 जनवरी 2024 ■ मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष-2 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-285 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 14 जनवरी 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## गणतंत्र दिवस पर दिल्ली में दिखेगा छत्तीसगढ़ का 'मुरिया दरबार'

■ तरुण छत्तीसगढ़

**रायपुर,13 जनवरी।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में छत्तीसगढ़ की झांकी के तौर पर 'मुरिया दरबार' को प्रदर्शित किया जाएगा. झांकी का हिस्सा बनने वाली बालिकाओं से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने चर्चा करने के साथ अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दिल्ली जा रही बच्चियों से वर्चुअल चर्चा में कहा कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रत्येक प्रदेश की झांकी दिल्ली में निकलती है. छत्तीसगढ़ से इस बार आप मुरिया दरबार की झांकी लेकर दिल्ली जा रहे हैं. एक बड़ी जिम्मेदारी आप लोगों के कंधों पर है. पूरे छत्तीसगढ़ का मान-सम्मान आपके हाथों में है. हम चाहेंगे कि बहुत अच्छे से झांकी वहां प्रस्तुत हो. मुख्यमंत्री ने कहा कि मुरिया दरबार हम लोगों की आदिवासी संस्कृति का हिस्सा रहा है, उसे आप अच्छे तरीके से प्रस्तुत करेंगे, ऐसी उम्मीद है. इसके साथ आप महामहिम राष्ट्रपति से मुलाकात करेंगे. इस अवसल पर आयोजन में शामिल होने के लिए दिल्ली जा रही बच्चियों ने मुख्यमंत्री से पुरस्कार जीतकर लाने का वादा किया.




**मुरिया दरबार बना बस्तर दशहरा का हिस्सा**-बस्तर में मुरिया दरबार की शुरुआत 8 मार्च, 1876 को हुई थी, जिसमें सिरोंचा के डिप्टी कमिश्नर मेक जार्ज ने मांझी-चालकियों को संबोधित किया था. बाद में लोगों की सुविधा के अनुरूप इसे बस्तर दशहरा का अभिन्न अंग बनाया गया, जो परंपरानुसार 145 साल से जारी है. मुरिया दरबार में पहले राजा और रियासत के अधिकारी कर्मचारी मांझियों की बातें सुना करते थे, और तत्कालीन प्रशासन से उन्हें हल कराने की पहल होती थी. आज़ादी के बाद मुरिया दरबार का स्वरूप बदल गया. 1947 के बाद राजा के साथ जनप्रतिनिधि भी इसमें शामिल होने लगे. 1965 के पूर्व बस्तर महाराजा स्व. प्रवीर चंद्र भंजदेव दरबार की अध्यक्षता करते रहे. उनके निधन के बाद राज परिवार के सदस्यों मुरिया दरबार में आना बंद कर दिया था. वर्ष 2015 से राज परिवार के कमलचंद्र भंजदेव इस दरबार में शामिल हो रहे हैं. बस्तर के मुरिया दरबार में अब बस्तर संभाग के निर्वाचित जन-प्रतिनिधि और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहते हैं. वे ग्रामीणों से आवेदन लेते हैं. मांझी, चालकी और मेंबर-मेंबरीन इनके सामने ही अपनी समस्या रखते हैं. छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भी 2009 -10 से लगभग हर मुरिया दरबार में शामिल हो रहे हैं.



## बंगाल में साधुओं पर भीड़ ने किया हमला

**कोलकाता,13 जनवरी।** पश्चिम बंगाल के पुरुलिया में तीन साधुओं को पीटने का मामला सामने आया है. बताया जा रहा है कि स्थानीय लोगों ने उन्हें अपहरण करने वाला समझकर हमला कर दिया. घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर साधुओं को भीड़ से बचाकर नजदीकी पुलिस स्टेशन पहुंचाया. मामले में पुलिस ने हमला करने वाले 12 संदिग्धों को गिरफ्तार किया है.

पुलिस के अनुसार, यह मामला गुरुवार का है जब उत्तर प्रदेश के तीन साधु, एक व्यक्ति और उसके दो बेटे मकर संक्रांति पर स्नान करने के लिए गंगासागर जा रहे थे. इस दौरान वे रास्ता भटक गए, जिस पर उन्होंने तीन लड़कियों से रास्ते के बारे में पूछा. लड़कियां साधुओं को देखकर चिल्लाते हुए वहां से भाग गईं. इसके बाद स्थानीय लोगों ने साधुओं को पकड़ लिया और मारपीट शुरू कर दी. मामला बढ़ने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंचकर तीनों साधुओं को काशीपुर पुलिस स्टेशन ले आई. पुरुलिया के पुलिस अधीक्षक अभिजीत बनर्जी ने घटना के संबंध में बताया कि साधुओं से मारपीट करने वाले 12 संदिग्धों को गिरफ्तार कर लिया है. अभी मामले की जांच की जा रही है. साथ ही घटना में शामिल अन्य लोगों की तलाश के लिए छापेमारी भी की जा रही है. गिरफ्तार किए गए सभी आरोपियों को पुरुलिया जिले के रघुनाथपुर सब डिविजनल कोर्ट में पेश किया जाएगा.

पुलिस ने यह भी कहा कि लड़कियों के साधुओं से डर कर भाग जाने से स्थानीय लोगों को उनके शक हुआ, जिसके बाद भीड़ ने उन पर हमला कर दिया. बाद में पुलिस ने साधुओं को गंगासागर मेले पहुंचाने के लिए एक वाहन की व्यवस्था की. वहीं, सोशल मीडिया पर इस घटना का एक वीडियो भी वायरल हो रहा है, जिसमें गुस्साई भीड़ साधुओं के वाहन में भी तोड़फोड़ करती हुई दिख रही है.

घटना को लेकर पश्चिम बंगाल बीजेपी ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए घटना की आलोचना की है. वहीं भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने ट्विटर पर लिखा, पश्चिम बंगाल के पुरुलिया में पालघर जैसी लिंचिंग की घटना हुई है. मकर संक्रांति के लिए गंगासागर जा रहे साधुओं को सत्तारूढ़ टीएमसी से जुड़े लोगों ने निर्वस्त्र कर पीटा. ममता बनर्जी के शासन में सहजहान शेख को सरकारी संरक्षण मिलता है, और साधुओं की हत्या की जा रही है. पश्चिम बंगाल में हिंदू होना क्राइम बन गया है.

### बंगाल में साधुओं की पिटाई पर राजनीति तेज

## ममता का नाम मुमताज :आचार्य सत्येन्द्र दास

**लखनऊ,13 जनवरी।** पश्चिम बंगाल में गंगासागर मेले के लिए जा रहे उत्तर प्रदेश के तीन साधुओं की भीड़ द्वारा पिटाई के बाद बारह लोगों को गिरफ्तार किया गया। यह घटना बंगाल के पुरुलिया जिले में हुई जब स्थानीय लोगों को साधुओं के अपहरणकर्ता होने का संदेह हुआ। हालांकि, अब पूरे मामले को लेकर ममता बनर्जी और उनकी सरकार केंद्र में आ गई है। भाजपा सहित तमाम साधू संत की ओर से ममता बनर्जी पर निशाना साधा जा रहा था। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के मुख्य पुजारी, आचार्य सत्येन्द्र दास ने कहा कि किसी ने ममता बनर्जी को मुमताज खान नाम दिया था। सत्येन्द्र दास ने कहा कि रामनवमी के जुलूस और अन्य धार्मिक जुलूसों पर हमले हुए हैं।



जब वह (ममता बनर्जी) भगवा रंग देखती हैं तो उन्हें गुस्सा आ जाता है और इसीलिए वह ये हमले करवाती हैं...हमलों की ये घटनाएं बेहद निंदनीय हैं। वीएचपी नेता सुरेंद्र जैन ने कहा कि टीएमसी के गुंडों द्वारा किया गया जानलेवा हमला स्वीकार्य नहीं है...यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने राज्य में हिंदू विरोधी माहौल बना दिया है...हम इसकी कड़ी निंदा करते हैं...सीएम ममता बनर्जी को देश से माफी मांगनी चाहिए। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर कहते हैं, तुष्टीकरण की राजनीति ने ऐसा माहौल बनाया है। पश्चिम बंगाल में कानून-व्यवस्था ध्वस्त हो गई है...सवाल यह है कि ऐसी हिंदू विरोधी सोच क्यों है?

साधुओं पर हुए कथित हमले पर टीएमसी नेता शशि पांजा ने कहा कि बीजेपी हमेशा जवाबदेही से बचती रही है...स्थानीय लोगों ने तीन साधुओं की पिटाई की क्योंकि उनका आरोप है कि साधु वहां से तीन लड़कियों का अपहरण कर रहे थे। स्थानीय लोगों ने प्रतिक्रिया व्यक्त की और लड़कियों को बचाया। पुलिस साधुओं को थाने ले गई. जांच चल रही है, लेकिन पुरुलिया में बीजेपी नेता पूरी घटना को गलत तरीके से पेश करने और बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। भाजपा के अमित मालवीय ने एक्स पर लिखा, ममता बनर्जी की बहरी चुप्पी पर शर्म आनी चाहिए! क्या ये हिंदू साधु आपकी स्वीकार्यता के लायक नहीं हैं? यह अत्याचार जवाबदेही की मांग करता है।

## आरोपी के कबूलनामे के बाद पूर्व मॉडल दिव्या पाहुजा का शव हरियाणा नहर से मिला

**नई दिल्ली,13 जनवरी।** गुरुग्राम पुलिस की एक टीम ने शनिवार को 27 वर्षीय पूर्व मॉडल दिव्या पाहुजा का शव बरामद किया, जिनकी 2 जनवरी को गुरुग्राम के एक होटल में संदिग्ध परिस्थितियों में हत्या कर दी गई थी। पाहुजा का शव हरियाणा के टोहना में एक नहर से बरामद किया गया था। पुलिस के अनुसार, पाहुजा के शव की एक तस्वीर उसके परिवार के सदस्यों को भेजी गई, जिन्होंने उसकी पहचान की पुष्टि की।

विशेष रूप से, पाहुजा के शव को बरामद करने के लिए गुरुग्राम पुलिस की छह टीमों को काम सौंपा गया था। उसके शव को बरामद करने के लिए पंजाब पुलिस की कई टीमों और राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) की 25 सदस्यीय टीम को भी लगाया गया था।

## संक्षेप

### दो कारोबारी गिरफ्तार, 17 तक ईडी की रिमांड पर

**रायपुर,13 जनवरी।** छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित महादेव सट्टा एप मामले में ईडी ने शुक्रवार को बड़ी कार्यवाही करते हुए रायपुर के दो कारो?बारियों को ?पूछताछ के ?बाद गिरफ्तार किया है। दोनों कारोबारी अनिल अग्रवाल और नवीन टीबरवाल को आज विशेष न्यायधीश अजय सिंह राजपूत की अदालत में पेश किया गया। कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अनिल, नवीन को 17 जनवरी तक के लिए ईडी की रिमांड पर भेज दिया है। अभियोजन से मिली जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ के रायपुर कोर्ट में ईडी ने परिवाद पेश कर दिया है। दोनों कारोबारी अनिल अग्रवाल और नवीन टीबरवाल को पूछताछ के लिए बुलाया गया था। जिसके बाद ईडी ने दोनों की गिरफ्तारी की है। ईडी के परिवाद में असीम दास, भीम सिंह यादव, रोहित गुलाटी, अनिल कुमार अग्रवाल और महादेव एप के संचालक शुभमक सोनी के नाम का जिक्र किया गया है।

### हिट-एंड रन मामलों में सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला

**नई दिल्ली,13 जनवरी।** हिट एंड रन सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वालों और घायलों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले की सुनवाई करते हुए बड़ा फैसला सुनाया है. कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को पुलिस को जहां निर्देश जारी किया कि पीड़ितों को मुआवजा योजना के बारे उन्हें बताये। वहीं कोर्ट ने केंद्र सरकार से भी कहा की परिवार के मुआवजा मिलना सुनिश्चित हो, साथ ही मुआवजे की राशि बढ़ाई जाये. दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने देशभर में हिट एंड रन के बढ़ते और बहुत कम संख्या में पीड़ितों को मुआवजा मिलने के आंकड़ों को देखते हुए यह फैसला सुनाया है. यह आदेश जस्टिस अभय एस. ओका और पंकज मित्तल की पीठ ने हिट एंड रन सड़क दुर्घटनाओं के पीड़ितों को मुआवजे के बारे में उचित निर्देश मांगने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए आदेश जारी किया है.

### टायर गोदाम में आग

**धमतरी,13 जनवरी।** धमतरी जिले के कासावही में शनिवार सुबह एक टायर गोदाम में भीषण आग लगने से इलाके में अफरातफरी मच गई है। आग लगने की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची है। फिलहाल आग पर काबू पाने के प्रयास किए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार, रुद्री थाना अंतर्गत कासावही के टायर गोदाम में सुबह भीषण आग लग गई। आग लगने से गोदाम में रखे पुराने टायर जलाकर खाक हो गए हैं। घटना की सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पहुंची। आग लगने का कारण अज्ञात है।

### अरविंद केजरीवाल को ईडी का चौथा समन

**नई दिल्ली ,13 जनवरी ।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली आबकारी घोटाले में सीएम अरविंद केजरीवाल को चौथा समन जारी किया है। केंद्रीय एजेंसी ने पूछताछ के लिए 18 जनवरी को बुलाया है। ईडी ने सीएम केजरीवाल को चौथी बार समन तब जारी किया जब वे 3 जनवरी की पूछताछ में शामिल नहीं हुए। दिल्ली के मुख्यमंत्री ने ईडी के जारी समन को गैरकानूनी बताया था और कहा था कि समन का एकमात्र उद्देश्य उन्हें गिरफ्तार करना है। इससे पहले आम आदमी पार्टी के राष्टीय संयोजक केजरीवाल ने 2 नवंबर और 21 दिसंबर को भी ईडी के सामने पेश होने से इनकार कर दिया था। वहीं, पार्टी दावा करती आई है कि दिल्ली के सीएम को गिरफ्तार किया जा सकता है। हालांकि इस तरह के दावे को ईडी ने अफवाह बताया था। बीते साल अप्रैल में इस मामले के संबंध में केंद्रीय जांच ब्यूरो ने सीएम केजरीवाल से पूछताछ की थी, लेकिन एजेंसी ने उन्हें आरोपी नहीं बनाया था। ईडी के सहायक निदेशक को संबोधित एक पत्र में केजरीवाल ने कहा था कि चुनाव आयोग ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली से राज्यसभा के लिए चुनाव कराने का फैसला किया है। नामांकन शुरू हो गया और मतदान 19 जनवरी को होगा।

## ढाका में उतारी गई इंडिगो फ्लाइट

**ढाका,13 जनवरी।** कोहरे और खराब दृश्यता के कारण शुक्रवार को गुवाहाटी जाने वाली इंडिगो की एक उड़ान को बांग्लादेश के ढाका की ओर मोड़ दिया गया। इंडिगो की फ्लाइट 6ई 5319 ने मुंबई से उड़ान भरी थी। इंडिगो ने कहा कि परिचालन कारणों से, ढाका से गुवाहाटी तक उड़ान संचालित करने के लिए चालक दल के एक वैकल्पिक सेट की व्यवस्था की जा रही थी। इसके अलावा, यात्रियों को अपडेट के बारे में सूचित किया गया और उन्हें जहाज पर जलपान परोसा गया। कांग्रेस के सूरज सिंह ठाकुर, जिन्होंने कहा कि वह डायवर्ट की गई इंडिगो फ्लाइट में थे, ने पुष्टि की कि फ्लाइट गुवाहाटी में नहीं उतर सकी। मंत्री ने एक्स पर लिखा मैंने मुंबई से गुवाहाटी के लिए इंडिगो की फ्लाइट 6E 5319 ली। लेकिन घने कोहरे के कारण फ्लाइट गुवाहाटी में नहीं उतर सकी। इसके बजाय, यह ढाका में उतरी। अब सभी यात्री अपने पासपोर्ट के बिना बांग्लादेश में हैं, हम विमान के अंदर हैं ठाकुर ने फ्लाइट के अंदर की एक तस्वीर भी शेयर की। इस बीच, दिल्ली में शनिवार को न्यूनतम तापमान गिरकर 3.6 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया, क्योंकि राष्ट्रीय राजधानी में इस सर्दी के मौसम की सबसे ठंडी सुबह दर्ज की गई। शहर में घने कोहरे की चादर के कारण ट्रेनों का परिचालन प्रभावित हुआ। मौसम विभाग ने मौजूदा शीत लहर की स्थिति के कारण शनिवार के लिए दिल्ली, पंजाब और हरियाणा के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। रविवार के लिए ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया गया है। मौसम विभाग ने यह भी कहा कि 16 जनवरी तक अगले तीन से चार दिनों के दौरान उत्तर पश्चिम भारत के कुछ हिस्सों में घने कोहरे और प्रचलित शीत लहर की स्थिति कम होने की संभावना नहीं है।




## मुख्यमंत्री ने स्काउट्स एवं गाइड्स के कार्यों की सराहना की

■ तरुण छत्तीसगढ़

**रायपुर, 13 जनवरी ।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से 12 जनवरी की शाम भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष शिक्षा मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल के नेतृत्व में स्काउट्स एवं गाइड्स के सदस्यों ने मुलाकात की। इस मौके पर मुख्यमंत्री श्री साय को स्काउट्स एवं गाइड्स की टीम ने संरक्षक बैज पहना कर अलंकृत किया। इस दौरान उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा एवं श्री अरुण साव और स्काउट्स एवं गाइड्स के कार्यकारी अध्यक्ष श्री राजेश अग्रवाल मौजूद थे।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने स्काउट्स एवं गाइड्स के द्वारा चलाए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि आपदा के समय जिस तरह से आप लोगों के द्वारा सेवा कार्य किया जाता है वह प्रेरणादायी है। उल्लेखनीय है कि राज्य के राज्यपाल इसके मुख्य संरक्षक, मुख्यमंत्री संरक्षक एवं शिक्षा मंत्री राज्य अध्यक्ष होते हैं । इस अवसर पर शिक्षा मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल ने प्लेटिनियम जुबली वर्ष 2025 में राष्ट्रीय जम्बूरी छत्तीसगढ़ में किए जाने के लिए किए जा रहे प्रयासों के बारे में बताया। स्काउट्स एवं गाइड्स की टीम के द्वारा मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन भी सौंपा गया। इस अवसर पर पूर्व राज्य मुख्य आयुक्त जी स्वामी, राज्य सचिव श्री कैलाश सोनी, सरिता पाण्डे, श्री विकास तिवारी एवं श्री दिलीप पटेल उपस्थित थे।



## पटवारी कक्ष में पंचायत प्रतिनिधियों ने छलकाया जाम

■ तरुण छत्तीसगढ़

**भखारा,13 जनवरी।** जनमानस में अधिकतर जनप्रतिनिधि मुखर होकर शराबबन्दी के लिए मोर्चा खोलते है लेकिन कुछ जनप्रतिनिधि ऐसे भी है जो बकायदे शासकीय चेंबर में ही शराब का सेवन कर रहे है एक मामला भखारा क्षेत्र से महज 3 किलोमीटर दूरी स्थित ग्राम सुपेला से सामने आया है जहां बीते मंगलवार 9 जनवरी को समस्त ग्रामवासी के सहयोग से मड़ई मेला का कार्यक्रम आयोजित किया गया था जिसमें शाम 7.00 बजे जनप्रतिनिधि एवं प्रशासन से नियुक्त अधिकारी सम्मिलित होकर पटवारी कक्ष में रंग जमाऐ बैठे थे जिसमें ग्राम पंचायत के सरपंच पति, उपसरपंच,कोटवार व पंचायत के पंच सहित प्रशासन के नियुक्त कर्मचारी पटवारी कक्ष में पटवारी के आसीन होने वाले चेंबर में शराब का सेवन कर रहे थे ग्रामीणों का कहना है कि यहां रोज शाम को पंचायत प्रतिनिधियों का रंग जमाने डेरा रहता है जो कि जनप्रतिनिधि द्वारा पटवारी कार्यालय अंदर शराब पीना और अन्य और असामाजिक तत्व जैसे हरकत करते रहते हैं जिसकी शिकायत ग्रामीणों द्वारा थाना में भी दिया गया है लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है वही मौके का जायेजा लेने मड़ई के दिन पत्रकार एवं साथी गए तो वहां पटवारी कार्यालय अंदर शराब का बोतल,पानी बोतल,चखना व डिस्पोजल आदि सामग्री पड़े हुए थे इसके बारे में संवाददाता द्वारा पटवारी को फोन मिलाया गया लेकिन पटवारी ने फोन रिसीव नहीं किया जिसके चलते संशय का विषय है बता दे की शासन के नियुक्त प्रतिनिधि अगर ऐसा करेगा तो आम जनता क्या करेगा क्योंकि शासन-प्रशासन से नियुक्त किए गए लोगों के ऊपर विश्वास करके देश चल रहा है लेकिन वही लोग प्रशासन -शासन के नियमों का धज्जी उड़ाते फिर रहे हैं। जिसकी शिकायत तहसीलदार को किया गया तो तहसीलदार ने अनुशंसा देते हुए कहा कि इसकी जांच कर उचित कार्रवाई करेंगे।




## जादू टोना के शक में 70 वर्षीय महिला से मारपीट

**बिलासपुर,13 जनवरी।** जिले में जादू टोना के शक में बुजुर्ग महिला से मारपीट कर गर्म लोहे से जलाने का मामला सामने आया है. हमले में गंभीर रूप से घायल महिला को सिम्स हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है. यह मामला मस्तूरी थाना क्षेत्र का है. जानकारी के अनुसार, मस्तूरी क्षेत्र के ग्राम भदौरा में रहने वाली 70 वर्षीय महिला गुरुवार की रात अपने घर पर ही थी. रात करीब 12 बजे गांव में रहने वाले कुछ लोग उन्हें घर से बुलाकर ले गए. इसकी जानकारी परिजन को नहीं लगी.

## राहुल को करनी चाहिए ज्ञान यात्रा : गिरिराज

■ तरुण छत्तीसगढ़

**रायपुर,13 जनवरी।** केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह अपने तीन दिवसीय छत्तीसगढ़ दौरे पर पहुंचे. रायपुर पहुंचते ही एयरपोर्ट पर डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने समेत बीजेपी नेता और कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया. इस दौरान गिरिराज सिंह ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए 14 जनवरी से शुरू हो रही राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा (Bharat Jodo Nyay Yatra) पर बड़ा बयान दिया है. उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को न्याय यात्रा की जगह ज्ञान यात्रा करनी चाहिए. किसी न किसी गांव में उन्हें किसी से ज्ञान जरूर मिलेगा. इसके साथ ही केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने पंचायत विभाग में हुए घोटालों की जांच की बात पर कहा कि भूपेश काल में सिर्फ घोटाला हुआ. कहा-कहा हुआ है उसी के लिए तो आया हूं. खासकर पंचायतों में एक गौठान निर्माण में जमकर भ्रष्टाचार किया गया है. मनरेगा के कार्यों में अंकेक्षण विभाग में करोड़ों की रिकवरी कार्रवाई नहीं होने पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अभी पूछता हूं कि वो रिकवरी नहीं किया गया है. मामले की जांच होगी और दोषियों को जेल भेजेंगे. गिरिराज सिंह ने छत्तीसगढ़ दौरे पर कहा कि पंचायती राज को कांग्रेस ने लूटा है. इसलिए गौठानों को ठीक करने आया हूं. छग सरकार कैसे बेहतरी से काम करे, उसके लिए एक बैठक करेंगे. कांग्रेस के अयोध्या ना जाने पर गिरिराज सिंह ने तंज कसा है. उन्होंने कहा, मंदिर संस्थान ने सोनिया गांधी को भी निमंत्रण भेजा है. लेकिन यह नहीं जा रहे हैं. कांग्रेस हिंदू विरोधी रही है. कांग्रेस के डीएनए में हिंदू विरोधी है. कोई सूरज पर थूक फेके तो थूक आदमी पर पड़ता है. कांग्रेस ने 70 साल तक लटकाने और भटकाने का काम किया.



सनातन हिंदुओं के जागरण का समय है जो जाएगा उसका किस्मत अच्छा है. कांग्रेस की लोकसभा तैयारियों पर गिरिराज सिंह ने कहा. पूरे देश में इस बार कांग्रेस ने जो काम किया. पूरे देश में उन्हें उम्मीदवार नहीं मिलेंगे. क्योंकि इस देश की पहचान सनातन हिंदुओं से है. क्योंकि कांग्रेस हिंदू विरोधी है. जो शिव, राम और कृष्ण का विरोधी हो उन्हें चुनाव में कहां जगह मिलेगी.

### बहुखेल स्पर्धा, ग्रीष्मकालीन ओलंपिक 2024 में पेरिस की बारी

jasclaudius@gmail.com

## सफलता के लिए पसीना बहा रहे प्रतिभागी

✍ जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

खेल के माध्यम से संसार में प्रेम, एकता, शांति की चाहत रखने वालों ने पेरिस के महान विचारक तथा नेतृत्वकर्ता पियरे डी कुबर्टिन के माध्यम से वर्षों से बंद विश्वस्तरीय प्रतियोगिता आधुनिक ओलंपिक खेलों को 1503 वर्षों बाद पुनः आरंभ करने में मदद की। काफी मनन-चिंतन के बाद दुनिया के सभी देशों को खेल के माध्यम से जोड़ने के लिए 1896 में यूनान के एथेंस में आधुनिक ओलंपिक खेलों का शुभारंभ हुआ जो आज तक जारी है। इस वर्ष 26 जुलाई से 11 अगस्त तक फ्रांस के शहर पेरिस में इन खेलों का आयोजन होगा। वर्तमान में अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति के सदस्यों की संख्या 206 हैं परंतु उनमें से 1986 से 2020 तक 156 देश के प्रतिभागियों ने कभी न कभी स्वर्ण, रजत या कांस्य पदक हासिल किया है। संयुक्त राज्य अमेरिका ने अब तक सर्वाधिक 1061 स्वर्ण, 830 रजत, 738 कांस्य समेत 2,629 पदक प्राप्त किया है। पदक तालिका में एशियाई देशों में चीन, जापान, दक्षिण कोरिया आदि प्रमुख हैं। भारतीय खिलाड़ियों ने ओलंपिक खेलों में बड़ी उपलब्धि हासिल नहीं किया है। भारत ने ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों में 25 बार भाग लिया है तथा 35 पदक प्राप्त किए हैं। भारत के अब तक के प्रदर्शन को अच्छा नहीं कहा जा सकता परंतु 2014 के बाद से भारतीय खिलाड़ियों ने प्रभावी प्रदर्शन प्रारंभ किया है। हमारे प्रतिभागियों ने सबसे अधिक हाकी में 8 स्वर्ण, रजत, 3 कांस्य पदक हाकी में प्राप्त किया है। इसके अलावा कुश्ती में 7, निशानेबाजी में 4, एथलेटिक्स में तीन, बैडमिंटन में 3, भारोत्तोलन में तीन, मुक्केबाजी में 3 तथा टेनिस में एक पदक जीता है। 2014 के बाद से खेलों इंडिया कार्यक्रम के माध्यम से अनेक खेलों में प्रतिभाएं सामने आ रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सिर्फ खेल बजट में करीब तीन गुना से अधिक की बढ़ोतरी की है। केंद्र में सरकार किसी भी राजनैतिक दल की हो परंतु उन्हें खेल व खिलाड़ियों के उत्थान के लिए कार्य करना होगा। जिस तरह गैर ओलंपिक खेलों क्रिकेट, शतरंज, कबड्डी, खो-खो में भारत ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी-बड़ी उपलब्धि हासिल की है। अब हमारे खेल के कर्णधारों को ओलंपिक में शामिल खेलों में खिलाड़ियों के खोज और प्रशिक्षण पर ध्यान देना होगा। पेरिस ओलंपिक में 32 खेलों के 329 इवेंट होंगे। इनमें जलक्रीड़ा (आर्टिस्टिक तैराकी, डायविंग, मेराथन तैराकी, तैराकी तथा वाटरपोलो), तीरंदाजी, एथेलेटिक्स, बैडमिंटन, बास्केटबाल, (सभी खिलाड़ी और 3×3), मुक्केबाजी, ब्रेकिंग, केनोइंग (सलालोम, स्प्रिंट), सायकलिंग (बीएमएक्स फ्री स्टाईल, रेसिंग, माउंटेन बाइकिंग, रोड, ट्रेक), घुड़सवारी (ड्रेसेज, इवेंटिंग, जंपिंग), तलवारबाजी, हॉकी, फुटबाल, गोल्फ, जिम्नास्टिक (आर्टिस्टिक, रिदमेटिक, ट्रापोलिन), हैंडबाल, जुडो, मार्डन पेंटाथलान, नौकायन, रग्बी सेवन, पाल नौकायन, निशानेबाजी, स्केटबोर्डिंग, स्पोर्ट्स क्लाइबिंग, सर्फिंग, टेबल टेनिस, ताइक्वांडो, टेनिस, ट्राइथलान, व्हालीबाल (सभी, बीच), भारोत्तोलन, कुश्ती (फ्री स्टाईल, ग्रीको रोमन), शामिल हैं। इस तरह केंद्र सरकार की खेलो इंडिया कार्यक्रम के माध्यम से उपरोक्त खेलों में खिलाड़ियों का चयन व प्रशिक्षण में गंभीरता दिखाई जानी चाहिए। ऐसा करने से भारत विश्व खेलकूद में प्रतिष्ठा प्राप्त कर सकेगा।

# बाबा गुरु घासीदास ने एकता और शांति का संदेश दिया : मुख्यमंत्री



**रायपुर, 13 जनवरी।** मिनी गिरौदपुरी सतनाम धाम गिरहोला में संत समागम में शामिल हुए मुख्यमंत्रीगिरहोला में ऑडिटोरियम के लिए 50 लाख रूपएमिनी गिरौदपुरी सतनाम धाम गिरहोला में संत समागम में शामिल हुए मुख्यमंत्रीमिनी गिरौदपुरी सतनाम धाम गिरहोला में संत समागम में शामिल हुए मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज दुर्ग जिले के मिनी गिरौदपुरी धाम ग्राम गिरहोला में आयोजित संत समागम में बतौर मुख्य अतिथि सम्मलित हुए। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि आस्था के इस केंद्र पर आयोजित संत समागम में सम्मिलित होने का सुअवसर मिला। उन्होंने कहा कि बाबा गुरु घासीदास जी एक महान संत थे। जिन्होंने 'मनखे-मनखे एक समान' का संदेश दिया। गुरू घासीदास बाबा जी का संदेश एकता और शांति का मूलमंत्र है। बहुत सरल शब्दों में उनके द्वारा कहे गए इन शब्दों को यदि व्यक्ति आत्मसात कर ले तो फिर उससे बड़ा सुखी व्यक्ति कोई नहीं हो सकता।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा गुरू घासीदास ऐसे महापुरूष थे, जिन्होंने अपने गांव, समाज, राज्य और देश में बदलाव लाने की पहल की। मुख्यमंत्री ने समाज के लोगों की मांग पर ग्राम गिरहोला में आडिटोरियम निर्माण के लिए 50 लाख रूपए और तालाब सौन्दर्यीकरण के लिए 25 लाख रूपए की मंजूरी की घोषणा की। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कार्यक्रम स्थल पर मंदिर में गुरूगद्दी का दर्शन कर पूजा अर्चना की और जैतखाम में श्वेत ध्वजा फहराया। कार्यक्रम में खाद्य मंत्री श्री दयालदास बघेल, कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम भी उनके साथ मौजूद थे। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि संत बाबा गुरू घासीदास जी ने तप किया और सिद्धि प्राप्त की और फिर वे समाज के उद्धार के लिए निकल पड़े। उन्होंने जनता के कष्टों का निवारण किया। बाबा गुरू घासीदास के संदेश हमें मानवता से जोड़ते हैं। दुनिया में आज इतनी गैर बराबरी है कि स्त्रियों और पुरूषों के बीच भी बहुत भेदभाव होता है, लेकिन बाबा गुरू घासीदास जी ने सैकड़ों वर्ष पहले बेटी और बेटे को समान मानने का उपदेश देकर स्त्री और पुरूष के बीच समानता का संदेश दिया था। जिस तरह गुरू घासीदास जी ने समाज के सबसे अंतिम व्यक्ति के उत्थान को अपना लक्ष्य बनाया, उसी तरह सरकार ने भी अंत्योदय को अपना लक्ष्य बनाया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने छत्तीसगढ़ को फिर से खुशहाल बनाने की गारंटी दी है। आप लोगों ने मोदी जी की गारंटियों पर विश्वास जताया है।

## एक नजर

### सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिये 17 जनवरी तक वार्डो में शिविर

**राजनांदगांव 12 जनवरी।** नगर के सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये नगर निगम द्वारा प्रति माह पेंशन का भुगतान वार्डो में शिविर लगाकर किया जाता है। इसी कडी में हितग्राहियों को माह नवम्बर का पेंशन भुगतान के लिये वार्डो में 21 दिसम्बर 2023 से 17 जनवरी 2024 तक प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 4 बजे तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत 15 जनवरी को सुभाष वार्ड नं. 27 व तिलक वार्ड नं. 28 के लिये कन्या प्राथमिक शाला भरकापारा में, विवेकानंद वार्ड नं. 29 के लिये मठपारा सामुदायिक भवन में व कैलाश वार्ड नं. 25 के लिये पार्षद कार्यालय कैलाश नगर में, 16 जनवरी को जनता कालोनी वार्ड नं. 31, संजय वार्ड नं. 32, लखोली वार्ड नं. 35 व सेठी नगर वार्ड नं. 36 के लिये मंगल भवन दुर्गा चौक लखोली में तथा 17 जनवरी को लखोली वार्ड नं. 33 के लिये कबीर भवन बैगापारा लखोली मे व कन्हारपुरी वार्ड नं. 34 के लिये शंकर भवन कन्हारपुरी में शिविर का आयोजन किया गया है। निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों से वार्डो में आयोजित शिविर में प्रातः 11ः 30 बजे से दोपहर 4 बजे तक उपस्थित होकर माह नवम्बर 2023 की पेशन का लाभ लेने की अपील की है। उन्होंने शिविर में लगे कर्मियों से कहा कि समाजिक सुरक्षा पेंशन का कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देवे एवं कोई भी हितग्राही पेंशन लेने से वंचित न रहे, इस बात का विशेष ध्यान रखा जावे।

### वनविभाग छुरिया की कार्रवाई से रेत माफियाओं में हड़कंप

**छुरिया 13 जनवरी।** दैनिक वेतन भोगी वन कर्मचारी संघ दुर्ग के संभाग उपाध्यक्ष हारुन मानिकपुरी ने बताया कि वनों से रेत तस्करी की आ



रही लगातार शिकायतों को संज्ञान में लेते हुए वन परिक्षेत्र बागनदी अंतर्गत कार्यरत दैनिक वेतन भोगियों को अवैध रूप से वनों से रेत तस्करी करने वालों पर विशेष निगरानी करने की निर्देश दिए हैं। साथ ही अपने दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों ग्रुप में रहकर रेत माफियाओं पर नजर रखकर क्षेत्र में हो रही अवैध रेत तस्करी पर मिलकर वन विभाग के अधिकारी कर्मचारीयों को सहयोग करने की बात कही है। जिस पर सभी दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों ने रात्रि गश्त कर विभाग के अधिकारी कर्मचारी के सहयोग से अवैध रेत तस्करी पर रोक लगने का भरोसा दिया है। छत्तीसगढ़ दैनिक वेतन भोगी वन कर्मचारी संघ दुर्ग के संभाग उपाध्यक्ष हारुन मानिकपुरी ने कहा कि वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी एवं दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों की एक टीम बनाई गई है। और टीम दिन रात गश्त कर रही है। जिससे रेत माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है। वहीं हारुन मानिकपुरी ने ग्रामीणों से भी रेत तस्करी में सहयोग की अपेक्षा की है। ताकि अवैध रेत माफियाओं पर उचित कार्रवाई की जा सके। वन विभाग की टीम खास निगरानी कर रही है इन गांव पर नवागांव,पिनकापार,मासूलजोब, घोघरे, गोपालपुर,भर्रीटोला,जैतगुंडरा,भेजराटोला, बजरंगपुर,पैरीटोला,बखरूटोला, छुरिया,कुमर्रा छुरिया सहित अन्य ग्रामों में विशेष निगरानी की जा रही जिससे रेत माफियाओं में हड़कंप की स्थिति निर्मित हो गई है।

### अवैध शराब पर पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत की कार्रवाई

**राजनांदगांव 13 जनवरी।** पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग निर्देशन पर अतिरिक्त



पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में जिले में चलाये जा रहे अवैध शराब परिवहन की रोकथाम अभियान के तहत दिनांक 12/01/2023 को थाना कोतवाली पुलिस द्वारा 04 प्रकरण में 04 आरोपियों, थाना लालबाग पुलिस द्वारा 01 प्रकरण में 01 आरोपी, थाना बोरतलाव पुलिस द्वारा 01 प्रकरण में 01 आरोपी, थाना डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा 01 प्रकरण 01 व्यक्ति, सभी आरोपियों के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।। जिले में चलाये जा रहे अवैध शराब परिवहन की रोकथाम हेतु यह कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

### नगर निगम यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने लगा रहा टायर किलर

**रायपुर 13 जनवरी।** नगर पालिक निगम रायपुर द्वारा यातायात विभाग से समन्वय स्थापित कर 3 स्थानों रिंग रोड क्रमांक 1 काके दी हट्टी के बाजू में , एक्सप्रेस वे फाफाडीह वन वे अप साइड एवं गौरवपथ मल्टी लेवल पार्किंग के पास टायर किलर लगाया जा रहा है। रायपुर में विपरीत दिशा से आने वाले वाहन चालकों को रोकने , यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने तथा रॉन्ग साइड में गाड़ी चलाने से होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से टायर किलर लगाया जा रहा है। टायर किलर से पूर्व सूचना बोर्ड भी लगाया गया है कि रॉन्ग साइड न चलें, आगे टायर किलर है। यह व्यवस्था पायलट प्रोजेक्ट के तहत नगर पालिक निगम रायपुर एवं यातायात विभाग द्वारा की जा रही है। शहर में सुशासन लाने यह पहल की गई है । पायलट प्रोजेक्ट सफल होने के बाद सभी वन वे मार्ग में यह टायर किलर लगवाया जाएगा।

### होटलों में गन्दगी मिलने पर कुल 13000 रुपये का जुर्माना

**रायपुर 13 जनवरी।** जनशिकायत मिलने पर नगर पालिक निगम के आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 8 के स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जोन 8 जोन कमिश्नर श्री अरुण ध्रुव के नेतृत्व एवं कार्यपालन अभियन्ता श्री अभिषेक गुप्ता, जोन स्वास्थ्य अधिकारी श्री विक्रम सिंह ठाकुर, जोन सहायक स्वास्थ्य अधिकारी श्री आत्मानंद साहू की उपस्थिति में जोन 8 क्षेत्र के तहत टाटीबंध क्षेत्र में विभिन्न 5 होटलों में वस्तुस्थिति की जानकारी लेने आकस्मिक निरीक्षण कर उनकी सफाई व्यवस्था को प्रत्यक्ष देखा. वहाँ स्थल निरीक्षण के दौरान गन्दगी एवं सफाई का अभाव मिलने पर सम्बंधित जनशिकायत सही पायी गयी।

# जिले में अवैध धान परिवहन और भण्डारण पर की जा रही लगातार कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 13 जनवरी।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के निर्देश पर जिले में अवैध धान परिवहन और भण्डारण पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। एसडीएम डोंगरगांव श्री एके पुसाम के नेतृत्व में राजस्व और मंडी विभाग की संयुक्त टीम ने डोंगरगांव, अर्जुनी एवं कुमरदा क्षेत्र के कोचियों और बिचौलियों के अवैध धान परिवहन और भण्डारण पर जप्ती की कार्रवाई की गई। अवैध धान भण्डारण के 499 कट्टा धान और अवैध धान परिवहन करते पाए जाने पर 266 कट्टा धान जप्त किया गया। अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगांव श्री अश्वन कुमार पुसाम ने बताया कि डोंगरगांव अनुविभाग के अंतर्गत नगर पंचायत डोंगरगांव, ग्राम अर्जुनी, महाराजपुर, धनगांव, सेवताटोला एवं अन्य ग्रामों में धान के थोक एवं फुटकर विक्रेताओं के गोदाम का स्थल जांच एवं अनुविभाग डोंगरगांव अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में धान का अवैध परिवहन का औचक जांच किया गया। जिसके अंतर्गत ग्राम सेवताटोला डोंगरगांव में अंकित ट्रेडर्स, सक्षम ट्रेडर्स, विद्याश्री ट्रेडर्स, अमरचंद जैन फुटकर विक्रेता ग्राम अर्जुनी तथा अन्य गोदाम की जांच की गई। जिसमें अंकित ट्रेडर्स डोंगरगांव में बी 1 रजिस्टर संधारण नहीं करने पर 250 कट्टा धान, सक्षम ट्रेडर्स डोंगरगांव में मंडी एक्ट के तहत 160 कट्टा धान, सुदामा यादव द्वारा अतुल राईस मिल लालबाग राजनांदगांव से बिना अनुज्ञा, बिना परिवहन पास के बांधाबाजार जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी मुरारी के गोदाम में अवैध परिवहन करते



125 कट्टा धान, ग्राम गिरगांव से खुर्सीपार छुरिया में वाहन चालक द्वारा धान विक्रय हेतु अवैध परिवहन किये जाने पर 71 कट्टा धान, डोंगरगांव से केरेगांव छुरिया विकासखंड में अवैध परिवहन करते 70 कट्टा धान, अमरचंद जैन फुटकर विक्रेता अर्जुनी में मंडी एक्ट के तहत 53 कट्टा धान तथा ग्राम धनगांव में 36 कट्टा धान की जप्ती की कार्रवाई की गई। धान जप्ती की कार्रवाई के दौरान एसडीएम श्री एके पुसाम, नायब तहसीलदार श्री गंगाधर राव, नायब तहसीलदार श्री जेपी खूटे, राजस्व निरीक्षक कौशल सिन्हा, मंडी निरीक्षक एवं मंडी उप निरीक्षक, पटवारी श्री अजय राणा एवं श्री संजय यदु उपस्थित रहे।

# शासकीय कार्य मे बाधा उत्पन्न करने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 13 जनवरी।** 11 जनवरी को प्रार्थी निरीक्षक अजय खेस यातायात शाखा राजनांदगांव के द्वारा अपने स्टाफ के साथ उच्च अधिकारीयो के आदेशानुसार वाहन चेकिंग वास्ते हमराह स्टाफ आरक्षक क्रमांक 113 ओम प्रकाश सिन्हा एंव चालक आरक्षक क्रमांक 1736 संदीप कुर्रे के साथ मय शासकिय वाहन क्रमांक सी0जी0 03- 7501 व चालानी बुक के अनुपम नगर फुरसत के पल चौक के पास चेकिग पाईट लगाया जाकर तीन सावारी , ट्रैफिक नियमो का उलंघन व शराब पीकर वाहन चलाने वालो पर चालानी कार्यवाही किया जा रहा था उसी दौरान रात्रि लगभग 20/30 बजे के आसपास चौपाटी की ओर से आ रही मो0सा0 क्रमांक क्क्क02 ड्ड 9755 मे तीन सवारी आने पर स्टाफ के द्वारा रोकने का इशरा किया किन्तु मो0सा0 चालक द्वारा मो0सा0 को न रोककर भागने का प्रयास कर रहे थे जिसे दौडाकर रोका गया रोकने पर से मो0सा0 के चालक के मुंह से शराब की गंध आने से शराब मापने वाले मशीन से जांच करने पर मो0सा0 चलाक द्वारा एंव उनके साथी द्वारा शराब सेवन करने की पुष्टी होने पर उक्त मो0सा0 चालक के खिलाफ पंचनामा तैयार



किया गया पंचनामा मे हस्ताक्षर नही करने की बात को लेकर मो0सा0 के चालक एव उनके साथी द्वारा यातायात पुलिस के अधिकारी एंव स्टाफ के साथ गाली गुप्तार कर हाथ मुक्का से मारपीट करने लगा जिससे पुलिस अधिकारी एंव उनके स्टाफ को चोट लगा तथा तथा स्टाफ के पहने हुए वर्दी को फाड देने की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 16/2024 धारा 294,323,186,353,34 भादवि0 के तहत अपराध पंजीबद्व कर मामले को गंभीरता से लेते हुए निरीक्षक विजय मिश्रा के नेत्तृव मे टीम गठित कर आरोपीयो की पता तलाश कर आरोपीगणो को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया उक्त् सम्पूर्ण कार्यवाही मे निरीक्षक थाना प्रभारी विजय मिश्रा , उप निरीक्षक राकेश पटेल ,सउनि गोवर्धन देशमुख , , आरक्षक देवेन्द्र पाल एंव कमल किशोर , आर0 मुंजलाल ठाकुर की भूमिका सराहनीय रही।

# सड़क हादसों में कमी लाने जनता का जागरूक होना जरूरी:कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 13 जनवरी ।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2024 के आयोजन के संबंध में अधिकारियों की बैठक ली।

इस दौरान कलेक्टर मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी श्री एस जयवर्धन, पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग, जिला पंचायत सीईओ श्री अमित कुमार उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों में जागरूकता लाने के लिए सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2024 के तहत 15 जनवरी से 14 फरवरी 2024 तक आयोजित किया जाएगा। उन्होंने राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत सड़क सुरक्षा के संबंध में विविध कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। इसके अंतर्गत एनएसएस, एनसीसी, स्काउड गाईड, महाविद्यालय, स्कूल के विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के संबंध में प्रशिक्षण देकर उन्हें वालंटियर बनाने के निर्देश दिए। जिससे वे स्थानीय स्तर पर जनसामान्य को अच्छे से सड़क सुरक्षा के संबंध में जानकारी दे सकें। उन्होंने यातायात और सड़क सुरक्षा के संबंध में नुक्कड़ नाटक, पाम्पलेट, बैनर, फ्लैक्स, होर्डिग, स्कूलों में वाद-विवाद प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता आयोजित करने के निर्देश दिए।




# पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि मनाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 13 जनवरी।** महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और देश के दूसरे प्रधानमंत्री भारत रत्न लालबहादुर शास्त्री जी की पुण्यतिथि पर 11 जनवरी गुरूवार को शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा संगोष्ठी सभा आयोजित कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। संगोष्ठी सभा का संचालन करते हुए शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने जानकारी बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज जी के आदेशानुसार शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के निर्देशन पर शहर कांग्रेस द्वारा महान स्वतंत्रता सेनानी ,पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री जी की पुण्यतिथि पर संगोष्ठी सभा के माध्यम से उन्हें स्मरण करते हुए नमन किया। वरिष्ठ कांग्रेसी व शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष श्रीमती शारदा तिवारी संगोष्ठी सभा के माध्यम से उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि लालबहादुर शास्त्री जी एक ऐसी हस्ती थे, जिन्होंने प्रधानमंत्री के रूप में देश को न सिर्फ सैन्य बलों को आधुनिकीकरण का तोहफा दिया बल्कि हरित क्रांति और औद्योगिकरण की राह भी दिखाई। शास्त्री जी किसानों को अन्नदाता मानते



थे और देश के सुरक्षा प्रहरियों के प्रति आगाध विश्वास था इसलिए पंडित जी का नारा था ''जय जवान जय किसान''। संभागीय प्रवक्ता कमलजीत सिंह पिन्टू ने लालबहादुर शास्त्री जी को नमन करते हुए कहा कि देश में एक समय ऐसा आया जब खाद्यान्न संकट हो गया तब देशवासियों को आव्हान करते हुए एक दिन का उपवास रखने की अपील की जिससे देश में खाद्यान्न की खपत कम हो और देश आर्थिक रूप से सुदृढ़ हो सके। संगोष्ठी सभा में प्रमुख रूप से वरिष्ठ कांग्रेसी रमेश डाकलिया, पंकज बांधव, दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन, झम्मन देवांगन, फरमान अली, संजय साहू, शैलेष ठावरे, भारत भूषण शर्मा, पूर्णिमा नागदेवे, मनीष साहू, विष्णु सिन्हा, सुरेन्द्र देवांगन, चेतन सिन्हा, सहित कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## गुरुनानक स्कूल में राष्ट्रीय युवा सम्मान समारोह आयोजित

# बच्चों को समर्पणभाव से राष्ट्र सेवा के लिए आगे आना चाहिए:हेमा देशमुख

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगाँव 13 जनवरी।** राष्ट्रीय युवा दिवस सम्मान समारोह आयोजन समिति राजनांदगांव द्वारा गुरूनानक स्कूल में महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख के आतिथ्य में युवा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। स्कूल में आयोजित कार्यक्रम के पूर्व शहर के विवेकानंद मार्ग कमला कॉलेज के समीप स्थित स्वामी विवकानंद के विशालकाय प्रतिमा पर महापौर श्रीमती हेमा देशमुख ने स्वामी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पूजा अर्चना किया। तत्पश्चात गुरूनानक उच्चतर माध्यमिक शाला के सभा गृह में बच्चों के मध्य गारिमामय कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि की आसंदी से महापौर श्रीमती हेमा देशमुख ने आयोजन समिति व बच्चों को स्वामी विवेकानंद जंयती की बधाई व शुभकानाएं देते हुये कहा कि स्वामी विवेकानंद जी हमारे आदर्श है और सदैव उनकी विचार हमारे बीच विद्यमान रहेंगे, बच्चें देश के भविष्य है और उन्हें राष्ट्र प्रेम की शिक्षा स्कूल में प्रांरभ से दी जानी चाहिये। क्योकि बच्चें अच्छे नागारिक बनकर देश के विकास व उन्नति में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। उन्होंने कहा कि स्कूली शिक्षा में राष्ट प्रेम से संबंधित पाठ्य होनी चाहिये। बच्चों को स्वामी विवेकानंद जी की जीवनी अवश्य ही पढनी चाहिए और बच्चों को समर्पणभाव से राष्ट सेवा में आगे आनी चाहिए। आयोजन समिति के अध्यक्ष अमलेन्दु हाजरा द्वारा विद्यालय स्तर पर आयोजन किये जाने के उद्देश्य को रेखांकित करते हुए महापौर के कार्यो की सराहाना करते की और कहा कि



शहर में विशालकाय स्वामी जी की मूर्ति स्थापित करने व कमला कालेज रोड का स्वामी विवेकानंद के नाम पर मार्ग का नामकरण करना महापौर का स्वामी जी के प्रति निष्ठा व कार्यो के लिए समर्पण को बताया है जिसके लिये उन्हे धन्यवाद ज्ञापित करते हुये कहा कि स्वामी जी दर्शनशास्त्र, धर्मशास्त्र व शास्त्रीय संगीत के अच्छे ज्ञाता थे, उन्होंने अपने गुरू रामकृष्ण परपहंस की आरती को स्वबद्ध किया था, जो आज भी गुरू जी के आरती के समय गाया जाता है। स्वामी जी सदैव नारी सम्मान को महत्व देते थे, वर्तमान समय में नारी सम्मान व राष्ट भक्ति हमारा प्रथम उद्देश्य होना चाहिए।

कार्यक्रम में उपस्थित प्रोफेसर के.के. द्विवेदी ने उदबोधन में कहा कि स्वामी जी के गुरू रामकृष्ण परमहंस थे, बच्चों को अपने गुरू को नहीं भुलना चाहिये, स्वामी जी की फोटो अपने अध्ययन कक्ष में अवश्य रखनी चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय के प्रचार्य श्री योगेश द्विवेदी तथा श्रीमती जसमित कौर ने भी बच्चों को विवेकानंद जयंती की शुभकामना देते हुये उनके आदर्शो पर चलने कही। कार्यक्रम में पूर्व पार्षद देवेन्द्र मोहन देबू श्रीवास्तव, पूर्व नामांकित पार्षद श्री प्रभात गुप्ता सहित हरजीत भाटिया, कचरू प्रसाद शर्मा,हाजी के.बी. कुरैशी, राजकुमार शर्मा, सुनील श्रीवास्तव निलिख मांगवानी, के.के. सोनी एवं कायस्त समाज व शहर के गणमान्य नागारिकों की उपस्थिति में महापौर द्वारा बच्चों को प्रशस्त्रि पत्र देकर सम्मानित किया गया और तत्कालित प्रश्न उत्तर भी किये गये जिसमें अतिथियों द्वारा बच्चों का सामान्य ज्ञान अच्छा होने से उनकी सराहना करते हुये बच्चों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन अमलेन्दु हाजरा द्वार किया गया। कार्यक्रम में गुरूनानक स्कूल के शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

## समाचार संक्षेप

### स्वामी विवेकानंद की जयंती पर प्रधानमंत्री के संदेश का नगर निगम टाउन हॉल में हुआ सीधा प्रसारण



**राजनांदगांव 13 जनवरी।** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के निर्देशानुसार राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2024 के अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा देश के युवाओं के नाम संदेश का प्रसारण नगर निगम सभागृह में आहुत कार्यक्रम में किया गया। कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष श्री किशुन यदु सहित पूर्व महापौर श्री अजीत जैन, समाजसेवी श्री राजेन्द्र गोलछा, पार्षदगण, पत्रकार बंधु तथा अधिकारी व कर्मचारियों ने प्रधानमंत्री जी के संदेश सीधा प्रसारण देखा व सुना। प्रधानमंत्री जी मोदी जी ने अपने संदेश में युवाओं से राष्ट्र निर्माण में युवाओं के सामर्थ्य का उल्लेख करते हुए कहा कि लोकतंत्र में युवाओं की भागीदारी जितनी अधिक होगी, राष्ट्र का भविष्य उतना ही बेहतर होगा। उन्होंने स्वामी विवेकानंद जी को युवाओं के प्रेरणाश्रोत कहा। प्रधानमंत्री ने बीते दस सालों में युवाओं के सामने मौजूद हर रुकावट को दूर करने और उन्हें प्रगति का खुला आसमान देने के लिए अपनी सरकार के समग्र प्रयासों को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि भारत में अमृतकाल का कालखण्ड है, जो युवाओं के लिय सुनहरा मौका है। आप लोगों को भारत को एक नई उचाई तक ले जाना है, ऐसा काम करे की अगली पिढ़ी आपकों याद करे। संदेश देते हुये कहा कि सरकार युवाओं के लिये अनेक कार्य कर रही है। उनके लिये राष्ट्री युवा शिक्षा निति तैयार की गयी है, लोकतंत्र में युवाओं की जितनी भागीदारी होगी, राष्ट्र का भविष्य उतना ही बेहतर होगा। उन्होंने युवाओं को संदेश देते हुये कहा कि मेक इन इण्डिया प्रोडक्ट का इस्तेमाल करे एवं नशा को अपने जीवन से दूर रखे, क्योकि आप युवा ही देश के भविष्य है।इस अवसर पर उपायुक्त श्री मोबिन अली, प्र.कार्यपालन अभियंता श्री कामना सिंह यादव, सहायक अभियंता श्री प्रणय मेश्राम, प्र.सहायक अभियंता श्री दिलीप मरकाम, प्रोग्रामर श्री पंकज चंद्रवंशी, महापौर परिषद के सचिव श्री संजीव कुमार मिश्रा, प्र.कार्यालय अधिक्षक श्री अशोक चौबे सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### नवोदय विद्यालय में पद्मश्री फूलबासन यादव ने बच्चों का मार्गदर्शन किया



**डोंगरगढ़ 13 जनवरी।** 12 जनवरी 2024 को युवा दिवस के अवसर पर जवाहर नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ में बच्चों के मार्गदर्शन एवं उत्साहवर्धन हेतु कार्यक्रम रखा गया था। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पद्मश्री श्रीमती फुलबासन यादव थीं। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। सर्वप्रथम विद्यालय के प्राचार्य श्री रूपेंद्र सिंह जी ने अतिथियों का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती फूलमसान ने अपने उद्बोधन में अपने संघर्ष की कहानी सुना कर बच्चों को उत्साहित किया। उन्होंने छोटी-छोटी समस्याओं से न घबराते हुए संघर्ष करते हुए आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी। उन्होंने बच्चों से कहा कि कोई भी समस्या बड़ी नहीं होती है समस्या का समाधान करने हेतु खुद को आगे बढ़ना होता है।हर समस्या और हर चुनौती का समाधान है । इस तरह से अपने उद्बोधन में विद्यालय की तारीफ करते हुए प्रेरणा गीत सुना कर सभी बच्चों को मंत्र मुक्त कर दिया । फूलबासन यादव जी के साथ में महिला समूह से आई हुई ब्लॉक अध्यक्ष श्रीमती जयजन्या साहू जी ने भी कविता सुनाकर बच्चों को प्रेरित किया एवं जीवन में आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी। साथ ही साथ समस्या का कैसे समाधान करना है और जीवन में सफलता किस प्रकार से प्राप्त करना है , इस संबंध में बच्चों को बहुत ही रोचक जानकारी दी। सभी बच्चे इस कार्यक्रम से अत्यंत उत्साहित हुए। श्रीमती फुलवासन यादव के उद्बोधन को सुनकर सभी बच्चे और पूरा स्टाफ अत्यंत प्रेरित हुए।असफलता को सफलता में बदलने की सीख सभी बच्चों ने प्राप्त की। इस कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के हिंदी विभाग अध्यक्ष श्री रामकुमार चंद्रा ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक श्री अशोक कुमार बिसेन जी ने की।इस कार्यक्रम में विद्यालय परिवार के सभी सदस्य गण उपस्थित थे और सबने इस कार्यक्रम की प्रशंसा की।

### सांसद सोनी ने सचिन पायलट पर कसा तंज

**रायपुर 13 जनवरी।** भारतीय जनता पार्टी के सांसद सुनील सोनी ने कहा है कि कांग्रेस की सोच आज भी राष्ट्री विरोधी, धर्म विरोधी और सनातन विरोधी है । पहले वह यह सोच बदले फिर जनता के बीच जाए उन्होंने कहा कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट लाख दावे कर लें कि कांग्रेस लोकसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ में बेहतर प्रदर्शन करेगी, पर कांग्रेस यह सच पायलट भी भली-भाँति जानते हैं कि छत्तीसगढ़ की जनता अब पूरी तरह भाजपा के साथ खड़ी है और कांग्रेस अपने राजनीतिक वजूद को वेंटीलेटर पर जाने से नहीं रोक पाएगी। श्री सोनी ने कहा कि प्रदेश में भारी हार के बाद भी अगर कांग्रेस प्रभारी पायलट कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों की तारीफ कर रहे हैं तो इस पर सिर्फ इतना ही कहा जा सकता है कि दिल बहलाने को गालिब खयाल अच्छा है। भाजपा सांसद श्री सोनी ने कहा कि भ्रष्टाचार में आकंठ डूबकर प्रदेश के खजाने की लूट-खसोट में लगी कांग्रेस सरकार को जनता ने उखाड़ फेंका है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व उनके नेतृत्व वाली केंद्र सरकार और मोदी की गारंटी पर पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा पर विश्वास जताया है और आगामी लोकसभा चुनाव में प्रदेश की सभी 11 सीटों पर कमल खिलाने के लिए संकल्पित है। श्री सोनी ने कहा कि भाजपा की प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में मोदी की गारंटी पर तेजी से अमल करना शुरू कर दिया है।

## संपादकीय

# अपना बेहतरीन उपयोग करना सभा को नहीं आता

बेहतरीन नेता वह होता है जो अपना बेहतरीन उपयोग करना जानता है और पार्टी का भी बेहतरीन उपयोग करना जानता है। अपना और पार्टी का बेहतरीन उपयोग वही नेता कर सकता है जो यह जानता है कि वह क्या कर सकता है, पार्टी क्या कर सकती है। जब अपनी व पार्टी की क्षमता का पता होता है तो बड़े से बड़ा लक्ष्य तय किया जा सकता है और उसे हासिल किया जा सकता है। पीएम मोदी दस साल से यही कर रहे हैं। इसलिए वह दस साल से बड़ा लक्ष्य तय करते है और उसे हासिल कर दिखाते भी है, इससे पीएम मोदी की जनता में ऐसी साख बनी है कि वह जो कहते हैं जनता मान लेती है कि मोदी ने कहा है तो वह काम तो समय पर हो जाएगा। यही फर्क है पीएम मोदी व राहुल गांधी में। पीएम मोदी अपना व पार्टी का बेहतरीन उपयोग करते हैं, बड़ा लक्ष्य तय करते है और उसे हासिल करके दिखाते हैं। राहुल गांधी न तो अपना बेहतरीन उपयोग कर पाते हैं और न ही पार्टी का बेहतरीन उपयोग कर पाते है, इसलिए वह कोई भी लक्ष्य तय करते हैं तो वह उसे हासिल नहीं कर पाते हैं। राहुल गांधी को पता नहीं है कि वह क्या कर सकते हैं, उनकी क्षमता क्या है, उनकी पार्टी की क्षमता क्या है। कई बार वह ऐसा लक्ष्य तय करते हैं जिसे न तो वह हासिल करने में सक्षम हैं न ही उनकी पार्टी हासिल करने में सक्षम होती है। इसलिए राहुल गांधी असफल है, कांग्रेस असफल है। कांग्रेस का नेतृत्व वह सोच नहीं पाता है पीएम मोदी सोचते भी और करते भी हैं। राम लला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा समारोह का इस देश पर कितना गहार प्रभाव पड़ने वाला है, इसे पीए मोदी ने जितनी गहराई से महसूस किया है। उतनी गहराई से कांग्रेस कभी महसूस नहीं कर पाई। यही वजह है कि राम लला के विग्रह के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का बहिष्कार करने का फैसला किया। फैसला करने के बाद उसे पार्टी के नेताओं ने ही इस बात का एहसास कराया कि कांग्रेस नेतृत्व ने गलत फैसला किया है तो मजबूरी में कांग्रेस को अध्यक्ष खरगे को कहना पड़ा है कि पार्टी के नेता राम लला के दर्शन को जब चाहे जा सकते हैं। इससे तो कांग्रेस की स्थिति और भी हास्यास्पद हो गई है। इससे तो जनता में यह संदेश गया है कि पार्टी जरूर विचारधारा की बात करती है लेकिन पार्टी की तो कोई स्पष्ट विचारधारा नहीं है, पार्टी नेतृत्व खुद ही फैसला करता है कि वह राम लला के मंदिर में नहीं जाएगा और खुद ही पार्टी के लोगों को जाने की इजाजत देता है।जब नेतृत्व के नहीं जाने का कारण कार्यक्रम का राजनीतिक होना है तो पार्टी के लोगों को भी उस मंदिर में नहीं जाना चाहिए जहां विग्रह की स्थापना में नरेंद्र मोदी की भागीदारी है। कांग्रेस एक मजबूत पार्टी तब ही मानी जा सकती है जब वह कोई फैसला करें तो उस पर नेता भी दृढ़ रहे और पार्टी भी दृढ़ रहे। अपनी विचारधारा व मुद्दों पर दृढ़ कैसे रहा जा सकता है, इसे भी अब कांग्रेस को भाजपा से सीखना चाहिए। कितना भी नुकसान हुआ लेकिन भाजपा ने राममंदिर का मुद्दा नहीं छोड़ा। कांग्रेस दो चुनाव हार गई तो वह अपना धर्मनिरपेक्षता का मुद्दा ही भूल गई। अब वह धर्मनिरपेक्षता की बात तक नहीं करती है। राहुल गांधी व प्रियंका मंदिर मंदिर जाते हैं। इससे लोगों को समझ में आ जाता है कि यह मौकापरस्ती है। यह लोग हकीकत में हिंदुत्व को पसंद नहीं करते हैं, चुनाव जीतने के लिए शो करते रहते हैं कि हम भी हिंदू हैं। भाजपा ने हिंदुत्व व धर्मनिरपेक्षता में किसी एक को चुनना था तो उसने हिदुत्व को चुना। वह उसे छोड़ती नहीं है। चुनाव हारने पर भी नहीं छोड़ती है। पीएम मोदी की विशेषता है उनकी मल्टीलेवल राजनीति। इस राजनीति का कांग्रेस के पास कोई जवाब नहीं है। पीएम मोदी की राजनीति का विरोध कांग्रेस हिंदुत्व के मुद्दे पर करती है तो मोदी विकास व विरासत की राजनीति कर जनता को बताते हैं कि दोनों देश के लिए जरूरी है। कांग्रेस न तो पीएम मोदी की विकास का कोई विकल्प बता पाती है न ही विरासत की राजनीति के जवाब में कोई राजनीति तय कर पाती है। कांग्रेस विकास की राजनीति तो कर सकती है लेकिन विरासत की राजनीति उसको समझ ही नहीं आती है कि इसे कैसे किया जाए क्योंकि उसके नेताओं ने विरासत की राजनीति का हमेशा विरोध किया है। इसलिए वह आज भी विरोध करती है जबकि उसे समझने की जरूरत है कि पहले विरासत का विरोध ठीक था क्योंक पार्टी सत्ता में थी, आज पार्टी सत्ता में नहीं है।जो पार्टी सत्ता में है जनता उसकी बात को सही मानती है। इसलिए आज भाजपा सही है और कांग्रेस गलत है।

# भारतीय त्योहार अनेकता में अंतर्निहित एकता के प्रतीक हैं

**पर्व-त्योहार**

**किशन सनमुखदास भावनानी**



वैश्विक स्तरपर यह सर्वेविदित है कि पूरी दुनियां में भारत अनेकता में एकता का एक जीवंत उदाहरण है। भारत के नागरिक हो या प्रवासी या फिर मूल भारतीय हो जो दुनियां के किसी भी कोने में रहते हो,परंतु उनकी संस्कृति में अनेकता में एकता का भाव जरूर होगा, यानें भारतीय सांस्कृतिक विरासत के त्यौहार एक साथ मिलकर जरूर मनाएंगे चाहे फिर होली दिवाली हो या अनेक धर्मो के या फिर किसी भी धर्म जाति समुदाय का त्यौहार हो सभी मिलकर एक दूसरे को बधाइयां देते हैं, उनके कार्यक्रमों में शामिल होते हैं। इसका जीवंत उदाहरण अभी 14-15 जनवरी 2024 को मनाए जा रहे लोहड़ी मकर संक्रांति मांग बिहू और पोंगल त्योहार हैं, यहां यह बता देना जरूरी है कि यह त्योहार मूल रूप से एक ही है परंतु विभिन्न प्रदेशों में इन्हें अलग-अलग नाम से मनाया जाता है और अपने-अपने प्रदेश की संस्कृति से मनाया जाता है जो अनेकता में एकता का बोध कराता है और राष्ट्रपतिउपराष्ट्रपति प्रधानमंत्री सहित अनेकोव्यक्तित्व इसकी बधाइयां देकर इस पर्व को विविधता में एकता का प्रतीक बताते हैं। चूंकि भारतीय त्योहार अनेकता में अंतर्निहित एकता के प्रतीक हैं, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, लोहड़ी मकर संक्रांति मांघ बिहू और पोंगल,त्योहार एक नाम अनेक है, वात्सल्यमई प्रकृति के प्रति हमारी विनम्र कृतज्ञता की अभिव्यक्ति है।

साथियों बात अगर हम लोहड़ी, मकर संक्रांति, मांघ बिहू और पोंगल, त्यौहार एक नाम अनेक की करें तो,ये भारत के विभिन्न हिस्सों में मनाए जाने वाले त्योहार के अलग-अलग नाम हैं, जो सर्दियों के मौसम के अंत और वसंत के मौसम और नए साल का स्वागत करने के लिए मनाया जाता है। मकर संक्रांति महाराष्ट्र और गुजरात में, बिहू असम में, पोंगल केरल या दक्षिण भारत में और लोहड़ी पंजाब या उत्तर भारत में मनाई जाती है। ये सभी संक्रांति के शुभ दिन पर मनाए जाते हैं। इन त्योहारों का जश्न आमतौर पर हर साल 13 जनवरी को शुरू होता है, इसलिए इनको हम बिस्तर में समझेंगे (1) पूजा, मकर संक्रांति के दिन सूर्य और विष्णु पूजा का महत्व है जबकि पोंगल के दिन नंदी और गाय पूजा, सूर्य पूजा और लक्ष्मी पूजा का महत्व है। लोहड़ी पर्व में माता सती के साथ ही अग्नि पूजा का महत्व है। दूसरी ओर बीहू पर्व में मवेशी की पूजा, स्थानीय देवी की पूजा और तुलसी की पूजा की जाती है।(2)पकवान, मकर संक्रांति के दिन खिचड़ी, तिल गुडड़ के लड्डू खासतौर पर बनाए जाते हैं जबकि पोंगल पर खिचड़ी, नारियल के लड्डू, चावल का हलवा, पोंगलो पोंगल, मीठा पोंगल और वेन पोंगल बनाया जाता है। लोहड़ी में गजक, रेवड़ी, मुंगफली, तिल-गुड़ के लड्डू, मक्का की रोटी और सरसों का साग बनाया जाता है जबकि बीहू में नारियल के लड्डू, तिल पीठा, घिला पीठा, मच्छी पीतिका और बेनगेना खार के अलावा विभिन्न प्रकार के पेय बनाए जाते हैं (3) फसल और पशु , दक्षिण भारतीय पर्व पोंगल पर्व गोवर्धन पूजा, दिवाली और मकर संक्रांति का मिला-जुला रूप है। जबकि मकर संक्रांति पर स्नान, दान और पूजा के ही महत्व है। लोहड़ी अग्नि और फसल उत्सव है और बिहू फसल कटाई का उत्सव है। इस दिन मवेशियों को पूजा का प्रचलन है।(4) नववर्ष जिस प्रकार उत्तर भारत में नववर्ष कीशुरुआत चैत्र प्रतिपदा से होती है उसी प्रकार दक्षिण भारत में सूर्य के उत्तरायण होने वाले दिन पोंगल से ही नववर्ष का आरंभ माना जाता है। थाई तमिल पंचांग का पहला माह है जो पोंगल से प्रारंभ होता है। लोहड़ी ऋतु परिवर्तन का त्योहार है।(5) सूर्य का उत्तरायण,चारों हीत्योहार में सूर्य पूजा का और सूर्य के उत्तरायण होने का महत्व है।मकर संक्रांति के दिन स्नान, दान, सूर्य और विष्णु पूजा का महत्व है तो पोंगल, लोहड़ी और बिहू के दिन फसल उत्सव का महत्व हैलोहड़ी अनिवार्य रूप से अग्नि और सूर्य देव को समर्पित त्योहार है।(6) कथा मकर संक्रांति की कथा सूर्य के उत्तरायण होने, भागिरथ के गंगा लाने और भीष्म पितामह के द्वारा शरीर त्यागने से जुड़ी है और पोंगल की कथा भगवान शिव के नंदी और फसल से जुड़ी हुई है। लोडड़ी की कथा माता सती और दुल्ला भट्टी के साथ ही फसल से जुड़ी हुई है। बिहू की कथा सूर्य के उत्तरायण होने और फसल से जुड़ी हुई है।

साथियों बात अगर हम भारतीय संस्कृति में अलग-अलग त्योहारों को मनानें की करें तो, भारत की संस्कृति अलग अलग प्रकार के लोग, भाषा, व्यवहार और धर्म से भरी है और यही चीज हमारे त्योहारों को भी खास बनाती है। मकर संक्रांति देशभर में मनाया जाने वाला एक ऐसा ही प्रमुख त्योहार है, जो फसल कटाई की खुशी, सूर्य का उत्तरायण यानी मकर राशि में प्रवेश और नई शुरुआत का प्रतीक है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि इस एक त्योहार को भारत के अलग-अलग हिस्सों में अलग-अलग नामों से मनाया जाता है। पंजाब में मकर संक्रांति को लोहड़ी के नाम से जाना जाता है. लोहड़ी की रात लोग खुले मैदान में आग जलाते हैं, उसके चारों ओर नाचते-गाते हैं और रेवड़ी व मूंगफली का प्रसाद चढ़ाते हैं।तमिलनाडु में मकर संक्रांति को पोंगल के नाम से मनाया जाता है। यह चार दिनों का उत्सव होता है, जिसमें पहले दिन घर की सफाई की जाती है, दूसरे दिन मीठा पोंगल बनाया जाता है, तीसरे दिन मसालेदार पोंगल बनाया जाता है और चौथे दिन मवेशियों की पूजा की जाती है। केरल में मकर संक्रांति को विशु के नाम से जाना जाता है। विशु का दिन बेहद खास माना जाता है। सुबह उठते ही लोग विशुकानी देखते हैं, जो फल, फूल, धान के खेत और सोने के सिक्के से सजाया हुआ एक पवित्र दृश्य होता है उत्तराखंड में मकर संक्रांति को उत्तरायणी के नाम से जाना जाता है। इस दिन लोग नए कपड़े पहनते हैं, देवी-देवताओं की पूजा करते हैं और लोक नृत्य करते हैं।

साथियों बात अगर हम 12 जनवरी 2024 को माननीय राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति द्वारा दिए गए बधाई संदेशों की करें तो, राष्ट्रपति ने लोहड़ी, मकर संक्रांति, माघ बिहू और पोंगल (जो क्रमशः 13, 14 और 15 जनवरी को मनाये जाते हैं) की पूर्व संध्या पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं।अपने एक संदेश में, राष्ट्रपति ने कहा है,लोहड़ी, मकर संक्रांति, माघ बिहू और पोंगल के शुभ अवसर पर, मैं देश और विदेश में रहने वाले सभी भारतीयों को हार्दिक शुभकामनाएं देती हूं।ये पर्व हमारी सांस्कृतिक विरासत के जीवंत स्वरूप होने के साथ-साथ अनेकता में एकता के प्रतीक भी हैं। इन अवसरों पर, हम पवित्र नदियों में स्नान करते हैं और दान संबंधी एवं अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों में संलग्न होते हैं। देश भर में अलग-अलग रूपों में मनाए जाने वाले ये त्योहार सामाजिक सौहार्द, एकता और भाईचारे को मजबूत करते हैं।कृषि से जुड़े ये पर्व पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश देते हैं। इन त्योहारों को मनाकर हम अपने किसानों की मेहनत को भी सम्मान देते हैं।मेरी कामना है कि इन त्योहारों के माध्यम से प्रेम और सद्भाव की भावना बढ़े तथा देश में शांति तथा समृद्धि का और अधिक विस्तार हो । क्षेत्रीय विविधता से भरे हमारे राष्ट्र के अलग अलग अंचलों में मनाए जाने वाले ये पर्व वास्तव में लहलहाती फसलों की कटाई का उत्सव हैं। ये पर्व प्रकृति के प्रति हमारी विनम्र कृतज्ञता की अभिव्यक्ति हैं! इस अवसर पर जब हम सब साथ मिल कर वात्सल्यमयी प्रकृति द्वारा हमें प्रदान की गई समृद्ध संपन्नता का उल्लास मनाते हैं, हमें याद रखना चाहिए कि ये त्योहार भारत की विविधता में अंतर्निहित एकता का प्रतीक हैं।ये पावन पर्व हमारे जीवन में शांति, सौहार्द और शुभता लाएं।

साथियों बात अगर हम अनेकता में एकता के प्रतीक भारत की विश्व में एक अलग पहचान की करें तो,हमारा भारत पूरे विश्व में अपनी एक अलग पहचान रखता है। एकता शब्द स्वयं यह प्रकट करता है कि भारत में जाति, रंग, रूप, वेशभूषा अलग होने के बावजूद भी यह एक सूत्र में बंधा है। जिस प्रकार अनेक वाद्य यंत्र मिलकर संगीत की एक लय, एक गति एक लक्ष्य और एक भाव बना देते हैं और मनमोहक संगीत का जन्म होता है। भारत में भी विभिन्न जातियां, धर्म, भाषाएं, बोलियां एवं वेशभूषा हैं, फिर भी हम सब एक हैं। भारत की एकता आज से नहीं बल्कि प्राचीनकाल से प्रसिद्ध है। समय-समय पर विभिन्न ताकतों ने इस एकता को खंडित करने के प्रयास किए हैं, परंतु उन्हें भी हमारी एकता के सामने शीश झुकाकर नमन करना पड़ा। मनुष्य समाज का एक भावनात्मक प्राणी है और अंतर्मन की भावनाओं के कारण ही वह समाज के अन्य प्राणियों से जुड़ा होता है। प्राय- किसी जाति, समुदाय व राष्ट्र के व्यक्तियों के बीच जब भावात्मक एकता समाप्त होने लगती है तो सामाजिक अस्तित्व खतरे में पड़ जाता है और सारे बंधन शिथिल पड़ने लगते हैं। जिस प्रकार एक परिवार एकता के अभाव में बिखर जाता है, उसी प्रकार सामाजिक एकता व समरसता के बिना धरा निष्प्राण सी दिखती है। सामाजिक एकता समरसता पूर्ण सृष्टि का एक मजबूत स्तंभ है। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि भारतीय त्योहार अनेकता में अंतर्निहित एकता के प्रतीक हैं।भारतीय त्योहार हमारी सांस्कृतिक विरासत के जीवंत स्वरूप, विविधता में एकता की मिसाल है।लोहड़ी मकर संक्रांति मांघ बिहू और पोंगल, त्योहार एक नाम अनेक-वात्सल्यमई प्रकृति के प्रति हमारी विनम्र कृतज्ञता की अभिव्यक्ति है।

## आज का राशिफल

मेष राशि- कल का दिन थोड़ा सा परेशानी वाला रहेगा, नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल आप अपने कार्यक्षेत्र में किसी भी महत्वपूर्ण कार्य को दूसरों के भरोसे ना छोड़े, उस कार्य की जिम्मेदारी लेकर उस समय से पूरा करने की कोशिश करें, व्यापारियों की बात करें तो व्यापारियों को आर्थिक लाभ प्राप्त होगा, जिससे आपका मनोबल भी बहुत अधिक बढ़ेगा और आपकी आर्थिक स्थिति में भी सुधार आएगा, आप अपने व्यापार में बहुत अधिक उत्साहित होकर कार्य करेंगे, जिससे आपका व्यापार और अधिक उन्नति कर सकता है.

वृषभ राशि- कल का दिन अच्छा रहेगा, नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल आप अपने दफ्तर में मल्टी टास्क के लिए तैयार रहे. इस तरह के काम का प्रतिफल बाद में आपको अवश्य मिलेगा जिससे आप बहुत अधिक प्रसन्न रहेंगे. व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो आप अपने व्यापार में काफी सक्रिय रहेंगे और इसके अलावा आपको आपके आने वाले समय में आर्थिक लाभ भी मिलेगा. आपका व्यापार अच्छा चलेगा. आपको आर्थिक लाभ की प्राप्ति होगी.

मिथुन राशि- कल का दिन अच्छा रहेगा. कल आप किसी बात को लेकर बहुत अधिक प्रसन्न रहेंगे और आपके आसपास का वातावरण भी बहुत प्रसन्नता से भरा हुआ रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो आपके कार्य स्थल पर कल आपको बहुत अधिक वर्कलोड मिल सकता है, जिसके कारण आप परेशान हो सकते हैं. परंतु आप परेशान ना हो धैर्य के साथ अपना कार्य करते रहे. व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो कपड़ों के व्यापारियों को कल अच्छा मुनाफा हो सकता है, परंतु आप शादी विवाह और त्योहारों के सीजन पर अपने कपड़ों में कुछ छूट दे सकते हैं, जिससे आपको बहुत अधिक कमाई हो सकती है.

कर्क राशि- कल का दिन अच्छा रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो नौकरी करने वाले जातकों को कल अपने कार्य क्षेत्र में बहुत अधिक मेहनत करनी होगी, परंतु आपको आपकी कड़ी मेहनत का फल भी जल्दी ही मिलेगा. आप अपनी मेहनत से सफलता का परचम लहराने में कामयाब रहेंगे, व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो टेलीकमयूनिकेशन का व्यापार करने वाले जातकों को कल बहुत अधिक आर्थिक लाभ प्राप्त हो सकता है, इसके साथ ही व्यापारियों का रुका हुआ धन भी उन्हें वापस मिल सकता है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा.

सिंह राशि- कल का दिन अच्छा रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो सेल्स और मार्केटिंग सेक्टर से जुड़े हुए लोग कल एक्टिव रहे, एक्टिव होने से धन का लाभ हो सकता है, वह अपने कार्य के प्रति ईमानदार भी रहे. व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो व्यापारियों को कल विदेशी कंपनियों से कोई बड़ा ऑर्डर प्राप्त हो सकता है, जिसको पूरा करने में आपको बहुत अधिक मेहनत करनी होगी या यदि आप विदेशी कंपनियों के प्रोडक्ट का काम करते हैं तो आपको थोड़ा सा सक्रिय रहना होगा.

कन्या राशि- कल का दिन ठीक-ठाक रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो सरकारी नौकरी के लिए प्रयास करने वाले जातकों को कल सफलता की प्राप्ति हो सकती है, उन्हें नौकरी के लिए नया जॉइनिंग लेटर मिल सकता है, जिससे आप बहुत अधिक प्रसन्न रहेंगे और आपको वेतन भी बहुत अधिक मिलेगा. व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो बुटीक, कॉस्मेटिक का व्यापार करने वाले जातकों को कल बहुत अधिक लाभ की प्राप्ति हो सकती है. त्योहारों के सीजन और शादी विवाह के सीजन में उनकी इनकम में बहुत अधिक बढ़ोतरी हो सकती है.

तुला राशि- कल का दिन ठीक-ठाक रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल आप अपने दफ्तर में आप महत्वपूर्ण डील का हिस्सा बन सकते हैं, जिसमें आप अपनी बेस्ट परफॉर्मेंस देंगे, ऑफिस में आपको सबका सहयोग भी प्राप्त होगा, व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो पैतृक व्यापार करने वाले जातकों को कल आपसी तालमेल बनाकर रखना होगा, आपने बड़ी बुजुर्गों से सलाह मशवरा भी लेना पड़ सकता है, तभी आपके व्यापार में लाभ प्राप्त होगा. युवा जातकों की बात करें युवा जातक जहां भी रहे, हॉस्टल में या फिर किसी पीजी में रहे, वहां के नियमों का पालन करें, किसी भी नियम का अपमान ना करें.

वृश्चिक राशि- कल का दिन अच्छा रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल आप अपने कर्म को ही अपनी पूजा समझे, तभी आपको सफलता की कुंजी प्राप्त हो सकती है. आप अपना कर्म करते रहे फल की चिंता ना करें, अच्छा कर्म करने से अच्छे ही फल प्राप्त होंगे. व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो कल व्यापारिक आर्थिक गतिविधियों को लेकर कुछ संशय में रहेंगे और कोई बात नहीं आप अपनी तरफ से पूरी कोशिश करते रहे और अपने कार्यों को ठीक प्रकार से करते रहे. आपको कामयाबी अवश्य मिलेगी और आपका व्यापार भी अच्छा चलेगा.

धनु राशि- कल का दिन थोड़ा सा सावधानी से रहने वाला रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल आपके दफ्तर में आपके सहकर्मी किसी गलत बात को सही साबित करने का प्रयास करेंगे, इसीलिए आप थोड़ा सा चौक न्ना रहे. व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो व्यापार को करने के लिए किसी प्रकार का अनुभव होना आवश्यक है, इसलिए कोई भी व्यापार करने से पहले पहले अनुभव नहीं है तो आपको हानि हो सकती हैं. युवा जातकों की बात करें

मकर राशि- कल का दिन अच्छा रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो विदेशी कंपनियों में काम करने वाले जातकों को कल अच्छा लाभ प्राप्त हो सकता है. उनके वेतन में बढ़ोतरी हो सकती है और पदोन्नति भी हो सकती है. व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो व्यापारी अपने व्यापार में अधिक धन कमाने के लिए एक ग्राहकों के साथ विनम्रता का व्यवहार करें. और अपने पार्टनर के साथ भी बेहतर तालमेल बनाकर रखने की कोशिश करें, तभी आपको आपके व्यापार में लाभ मिल सकता है.

कुंभ राशि- कल का दिन अच्छा रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल उनके दफ्तर में प्रमोशन हो सकता है या किसी अच्छी और नई जगह पर तबादला भी हो सकता है, जिसमें आपको वेतन पहले की अपेक्षा अधिक मिलेगा. व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो ट्रांसपोर्ट का काम करने वाले व्यापारियों को थोड़ा सा सावधान रहना होगा. खुदरा व्यापारियों को आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ सकता है. कल ज्यादा परेशान ना हो, धीरे-धीरे सारी परिस्थितियों आपके फेवर में रहेंगी. युवा जातकों की बात करें तो युवाओं में कल कॉन्फिडेंस लेवल काफी बढा हुआ रहेगा, जिसके चलते आप कठिन से कठिन कार्य को भी अपनी मेहनत से सफल बना सकते हैं.

मीन राशि- कल का दिन थोड़ा सा परेशानी वाला हो सकता है. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल आप अपने दफ्तर में छोटी-छोटी बातों को लेकर परेशान ना हों. आप अपने ऑफिस के कार्यों में बदलाव कर सकते हैं. व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो मेडिकल व्यापार करने वाले जातकों के लिए कल का दिन थोड़ा सा परेशानी वाला रहेगा. युवा जातकों की बात करें तो कल आप अपने किसी प्रकार की टेक्नोलॉजी का दुरुपयोग करने से बचे. टेक्नोलॉजी का सदुपयोग करें, आपके कार्य आसानी से हो सकते हैं.

## व्यंग्य

# ऐसा भी होता है

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त**

तूती और जूती का बड़ा गजब संबंध है साहब। जब तक तूती बोलती है तब तक सामने वाले की जूती चुपचाप रहती है। तूती खत्म तो समझो जूती शुरु। याद कीजिये, ऐसा भी वक्त था, जब विराट बल्ला दुनियाभर में कोहराम मचा रखा था तब कोच से लेकर बोर्ड तक नांदिये की तरह सिर हिलाया करते थे। अब नांदिये बड़े मनचले हो चले हैं। वे अच्छी तरह से जानते हैं कि बहती हवा से 'अनील' को हटाकर अपने इशारे पर नाचने वाले 'रवि' का विराट पर्व इसी पिपुड़ी की कारगुजारी थी। न रहेगी पिपुड़ी न हिलेंगे सिर। इसलिए पहले 'सफेद' पिपुड़ी छीन ली गई तो बाद में 'लाल' पिपुड़ी देने पर मजबूर कर दिया। वह भी एक दौर था, यह भी एक दौर है। पहले-पहल मैदान पर गरियाना नवजात शिशु की बचकानी हरकत सी अच्छी लगती थी। आगे चलकर गरियाने का ग्राफ अपने चरम पर पहुँचा और उधर बल्ला भी अपना उग्र रूप दिखा रहा था। गरियाने और बल्ले में तालमेल था, इसलिए सब कुछ ठीक था। जैसे-जैसे बल्ला ठंडा पड़ता गया गरियाना अखरने लगा। वैसे भी दूध देने वाली गाय की लात भी मीठी होती है। उसका भी अपना मजा होता है। लेकिन दूध न देने वाली गाय और रन न बनाने वाला बल्ला दोनों कभी भी नज़रअंदाज़ किये जा सकते हैं। विराट पर्व की रवि जुगलबंदी ऐसी थी मानो जिसे छू लें वह सोना बन जाए। खिलाड़ियों को पुर्जों की तरह इस्तेमाल किया जाने लगा। कभी यह पुर्जा तो कभी वह पुर्जा। पुर्जे को भी पता नहीं चलता कि उसे क्यों इस्तेमाल किया जा रहा है या फिर क्यों उठाकर फेंक दिया जा रहा है। जब तक यह समझते तब तक उनका कैरियर समाप्त हो चुका होता। कहते हैं कि रवि की किरणें कभी भेदभाव नहीं करतीं। सब पर एक समान पड़ती हैं। सबको एक समान चमकाती है। किंतु विराट पर्व में रवि का काम केवल विराट को चमकाना था, न कि पूरे दल को। यह एक ऐसा अजीबोगरीब रवि था जिसकी किरणें फिक्स्ड और लिमिटेड थीं। आधुनिक विराट और प्राचीन विराट पर्व का अपना-अपना महत्व है। आधुनिक विराट पर्व में अज्ञातवास की अवधि विराट द्वारा निर्देशित होती थी। कौनसा खिलाड़ी कब तक खेलेगा यह सब उसी के हाथों में होता था। बोर्ड और कोच तो लल्लु-पंजु थे। यहाँ गुप्तमन्त्रणा, उचित आचरण का निर्देश केवल दिखावा होता था, जबकि करना बिल्कुल इसके विपरीत होता था। घर से लेकर परदेस तक जहाँ भी विराट की सेना गई वहाँ जीत का परचम फहरा दिया। सबको लगा यह तो विराट का कमाल है। जबकि विराट खुद भी जानते थे कि उनकी क्षमताएँ और सीमाएँ क्या हैं। अब इन्हीं क्षमताओं और सीमाओं के बारे में माइक स्टंप्स पर चीख-चीखकर बताने लगे हैं। चूंकि नांदियों ने उनकी पिपुड़ी छीन ली है, इसलिए उनका विराट पर्व समाप्त हो चुका है। विराट हमेशा बिना शोर-शराबे के दिवाली मनाने की सलाह दिया करते थे। अब उनके सारे पटाखे छीन लिये गए हैं। अब वह जितना चाहें उतना, जब चाहें तब अपनी चुप्पी वाली दीवाली मना सकते हैं।

## सर्दी में नहाने से पहले कर लिया ये काम, कभी नहीं फटेंगे होंठ

हमारी त्वचा को सर्दियों का मौसम बिल्कुल भी रास नहीं आता है. सर्द हवाएं त्वचा को रूखा और बेजान बना देती है. देखभाल में कमी होने से होंठ, गाल और हाथ-पैर फठने लगते हैं. कई बार तो रूखापन ज्यादा बढने से खिंचाव अधिक आ जाता है, जिसकी वजह से खून तक रिसने लगता है. ऐसे में जरूरी है कि स्कीन को अच्छी तरह मॉइश्चराइज करके रखा जाए. बाजार में ढेरों मॉइश्चराइजर मिलते हैं, जिन्हें लगा सकते हैं लेकिन ये परमानेंट इलाज नहीं होता है. ऐसे में अगर नहाने से पहले एक काम कर लिया जाए तो कुछ ही दिनों में फर्क दिखने लगेगा और होंठ, गाल और हाथ कभी नहीं फटेंगे. आइए जानते हैं इस उपाय के बारे में...

### नहाने से पहले क्या करें

आयुर्वेद कहता है कि नहाने के पहले हर किसी को अपने शरीर को मॉइश्चराइज करना चाहिए. सर्दियों में शॉवर लेने के पहले तेल लगाना बेहद फायदेमंद हो सकता है. इससे त्वचा में लचीलापन आता है और सर्दियों में त्वचा की सिकुडन कम होती है. नहाने के पहले नारियल या तिल के तेल से शरीर की अच्छी तरह मसाज करें और नहानेके बाद शरीर को अच्छी तरह पोंछ लें. ऐसा करने से त्वचा को नेचुरल तरीके से मॉइश्चर मिल जाता है और एक्स्ट्रा तेल तौलिए से शरीर पोंछने पर साफ हो जाएगा.

नहाने से पहले तेल लगाने के 5 फायदे

1. सर्दियों में शरीर पर तेल लगाने से ड्राई स्किन की समस्या से छुटकारा मिलता है और स्किन को पोषण मिलता है. शरीर के टॉक्सिन्स बाहर आ जाते हैं और स्किन हेल्दी होती है.

2. नहाने से पहले शरीर का तेल से मसाज करने से ब्लड सर्कुलेशन बेहतर बनता है और मसल्स को काफी आराम मिलता है.

3. नहाने से पहले चेहरे पर तेल लगाने से एजिंग से छुटकारा मिल सकती है. इससे चेहरे पर कसावट आती है और झुर्रियां खत्म होती हैं.

4. ठंड के मौसम में नहाने से पहले शरीर पर तेल लगाने से मांसपेशियां रिलैक्स होती हैं और थकान दूर हो जाती है.

5. नहाने से पहले शरीर पर तेल लगाने से जोड़ो में दर्द और सूजन की समस्या से राहत मिल सकती है.

## विश्लेषण

**डॉ सत्यवान सौरभ**

# 12वी फेल से सबक, हवा में मत रहिये, जमीन पर चलिए



**हर अच्छा व्यक्ति सिविल सर्वेंट नहीं बन सकता और हर सिविल सर्वेंट अच्छा व्यक्ति नहीं बन सकता। आज समाज में एक निरक्षर दशरथ मांझी का जो सामाजिक मूल्य है, उस आभामंडल के सामने नीरा यादव जैसी भ्रष्टतम सैकड़ों आईएएस का मूल्य शून्य है। फिल्म मे एक किरदार है दादी का। ऐसी दादी जो अपने बेटे को तो क्रांति करने दूसरे शहर भेज देती है लेकिन पीछे छूटी अपनी बहू की दुश्मन है। ये सास पितृसत्ता की जीती जागती तस्वीर है, फिल्म देखते समय आम समझ के आम लोगों के लिए वो एक पोते के लिए जबरदस्त किरदार है लेकिन इतनी शातिर है कि शायद आपको बमुश्किल ही गहन चिंतन के बाद ये बात पता चले। फ़िल्म देखकर आधी जनता पागल हो चुकी है। वहीं एक गौरी भैया का जीवन बर्बाद हुआ पड़ा है, भेड़- बकरी की जिंदगी में एक शेर बन भी गया तो क्या हुआ? इससे ज्यादा कुछ नही होता। इसलिए हवा में मत रहिये, जमीन पर चलिए। यही लड़की जो मनोज का साथ दे रही थी, ये भी मनोज को एरोनॉटिकल इंजीनियर समझ कर ही उनसे नजदीक आई थी। चक्की वाला मजदूर जानती तो ताकती नही। खैर कुछ अनुभव ऐसे होते हैं जो बिना लात खाये समझ नहीं आते।**

हर व्यक्ति सिविल सर्विसेज पास करके आईएएस/आईपीएस नहीं बन सकता, क्योंकि यह जीवन का एक पड़ाव हो सकता है, लेकिन अंतिम लक्ष्य नही। जीवन का अंतिम लक्ष्य एक ऐसा इंसान बनना होना चाहिए, जिसे उसकी कर्मठता से जाना जाये, न कि उसके पद से। बाकी मेहनत करके भी जब मुकाम नही मिलता, तो कष्ट तो होता ही है, लेकिन इसी 12वी फेल फिल्म के क्लाइमेक्स सीन के एक संवाद में इस दर्द का भी बेहतरीन उत्तर है जिसमें, मनोज शर्मा जी के पात्र से यूपीएससी के इंटरव्यू में यह सवाल पूछा जाता है कि यह उनका अंतिम प्रयास है और यदि चयन न हुआ तो? इस पर मनोज शर्मा जी का किरदार जवाब देता है-यदि मैं सूरज बनकर पूरे संसार को रोशनी न दे पाया तो भी मैं लैंप बनकर अपने मोहल्ले को तो रोशन कर ही सकता हूँ। यही संवाद फिल्म की आत्मा है। हर अच्छा व्यक्ति सिविल सर्वेंट नहीं बन सकता और हर सिविल सर्वेंट अच्छा व्यक्ति नहीं बन सकता। आज समाज में एक निरक्षर दशरथ मांझी का जो सामाजिक मूल्य है, उस आभामंडल के सामने नीरा यादव जैसी भ्रष्टतम सैकड़ों आईएएस का मूल्य शून्य है। फिल्म मे एक किरदार है दादी का।

ऐसी दादी जो अपने बेटे को तो क्रांति करने दूसरे शहर भेज देती है लेकिन पीछे छूटी अपनी बहू की दुश्मन है। ये सास पितृसत्ता की जीती जागती तस्वीर है, फिल्म देखतेसमय आम समझ के आम लोगों के लिए वो एक पोते के लिए जबरदस्त किरदार है लेकिन इतनी शातिर है कि शायद आपको बमुश्किल ही गहन चिंतन के बाद ये बात पता चले। इसे यूं समझिये। दादी को दादा की यानी उसके पति की पेंशन मिलती है। जब बेटे को सस्पेंशन के विरुद्ध केस लड़ने के लिए भेजती है तो वो बार -बार कहती है कि ख़र्चे के लिए पेंशन का एक पैसा नहीं दूंगी। उसके बेटे की बहू अपने पति को खूब रोकती है कि परिवार कैसे चलेगा। लेकिन माँ साथ देती है और कहती है, जा लड़ लेकिन फिर कहती है पेंशन का एक पैसा नहीं दूंगी बहू को घर चलाने के लिए। धीरे-धीरे घर के हालात बुरे होते है, गाय, भेड़ -बकरियां तक बिक जाती है। फिर लगा सिर्फ डायलाग है। लेकिन असलियत तब खुलती है जब पोता यानी खानदान का बेटा शहर जाकर ग्रेजुएट हो जाता है। तब दादी खोलती है पैसों का पिटारा। पोते को पेंशन के पूरे पैसे देकर कहती है, जा डीएसपी बन कर आ, दादा का नाम रोशन कर।

मतलब, चाहे बहू मर जाती, पैसे न देती, खुद को बेच आती तो भी उस पर जी लेती लेकिन बहू और उसके परिवार की मदद न करती। कुछ सास ऐसी ही होती है। जिनके लिए बेटा और पोता ही मायने रखते है। बहू; वो दूसरे घर से आयी हुई होती है। मरे या कटे, घर चलाना उसका ही काम है। बहुत लोग कहेंगे कि अच्छी फिल्म मे कमी निकालते हो। लेकिन यही सच है कि जब ऐसा दिखाया जाएगा तो अच्छे के नीचे दबे उस गंद को भी तो सामने लाया जाये। हमारे घरों में जो आये रोज होता है उसको फिल्म मे बहुत हद्द तक सही दिखाया है। ऐसा होता भी है, लेकिन ऐसा क्यों होता है उसका विश्लेषण ही समाज की व्यवस्था को दिखाता है। फिल्म में बाप का किरदार, अपने ऑफिसर को चप्पल से पीटता है, दादी गोली चलाती है, एक पोता विधायक के चमचे को चप्पल से मारता है और दूसरा पोता भी शहर मे अपने बॉस को मारने के लिए लिए चप्पल उठा लेता है। गरीब होकर भी चप्पल मारने की जो हिम्मत देता है वह एक सन्देश है, इसे खुद समझना होगा।

प्यार एक पूंजीवादी विचारधारा है। लड़कियों के सपने में आईएएस/आईपीएस ही आते हैं। चक्की पर काम करने वाले मजदूर नही। दूसरी लड़की को पहचान रहे हैं जो अपने करियर के लिए विवाह की रात में भाग गई थी? उसने गलत क्या किया था? एकदम सही किया था। मजे की बात देखिये लड़का फिल्म में आईएएस इसलिए बना क्योंकि उसको बदला लेना था। उसको देश- दुनिया, समाज से कोई लेना-देना नही था, वरना वो क्लर्क की नौकरी में भी खुश था। मोटिवेशन तो ऐसा पागल किया है कि पढ़े-लिखे लड़के राह चलते मदारी से भी प्रेरित हो जाते हैं। फिर ये तो फ़िल्म थी। अब ऐसा लग रहा सब आईपीएस बन जाएंगे। लेकिन उनको साथ देने वाली चाहिए। साथ छोड़ देगी कोई तो ज्यादा ऊंची पोस्ट मिल जाएगी। पर बिना दिल टूटे कुछ होने वाला नही है। बस प्यार मोहब्बत सिखाया जाए। 16 घण्टा काम करके पढ़ाई करने का नाटक वही दिखा सकता है जो पहले ही पेपर पास कर चुका हो। इस लड़के की भी एक महिला मित्र थी। इसको छोड़कर वो क्यों चली गयी? उसका ध्यान किसी को नही है। सबका ध्यान एक सफल पुरुष की महिला मित्र की ओर है। वो कहता है कि बेटा! तेरा सिलेक्शन नही होगा तो ये तुझे भी छोड़कर चली जायेगी। जैसे मेरी वाली चली गयी। और चली ही गयी थी।

पहचानने से इनकार कर दिया था कि घर पर क्यों आये हो? जिसमें क्षमता है, भविष्य है, उसी को कोई चुनता है, किसी आईएएस या आईपीएस महिला अधिकारी को किसी चक्की वाले से प्यार नही होता। प्यार होता है सम्भावना से। सुनहरे भविष्य से। लेकिन बॉलीवुड के दर्शक हैं? लड़कों को जैसे नैतिक बल मिल गया है कि अब ऐसी लड़की से मोहब्बत करेंगे जो उसके साथ तैयारी करे। उनकी गरीबी का मजाक न उड़ाए। स्टडी मैटेरियल दे। साथ मे मेहनत करेंगे। लिव इन में रहेंगे। बाद में ऐसा कहकर सबको चौंका दे कि ये सिलेक्शन हमारी महिला मित्र की वजह से हुआ है। फ़िल्म देखकर आधी जनता पागल हो चुकी है। वहीं एक गौरी भैया का जीवन बर्बाद हुआ पड़ा है, भेड़- बकरी की जिंदगी में एक शेर बन भी गया तो क्या हुआ? इससे ज्यादा कुछ नही होता। इसलिए हवा में मत रहिये, जमीन पर चलिए। एक दर्शक की नज़र में; यही लड़की जो मनोज का साथ दे रही थी ये भी मनोज को एरोनॉटिकल इंजीनियर समझ कर ही उनसे नजदीक आई थी। चक्की वाला मजदूर जानती तो ताकती नही। खैर कुछ अनुभव ऐसे होते हैं जो बिना लात खाये समझ नही आते।



एक नजर

### जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने टाउन हॉल में युवा महोत्सव के लाइव प्रसारण को देखा



**जगदलपुर 13 जनवरी।** युवाओं के आदर्श और प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद की जयंती पर हर साल 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा महोत्सव मनाया जाता है। नासिक महाराष्ट्र में आयोजित 27 वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव के राष्ट्रीय कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने और एक नई ऊंचाई पर ले जाने युवाओं से आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने सभी को राष्ट्रीय युवा दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होने युवा शक्ति पर केंद्रित अपने सारगर्भित और जोशीले भाषण से युवाओं का उत्साहवर्धन किया। जिला प्रशासन द्वारा उक्त राष्ट्रीय युवा महोत्सव का लाइव प्रसारण को देखने के लिए स्थानीय श्यामा प्रसाद मुखर्जी टाऊन हॉल में व्यवस्था की गई थी।

### झेरिया विश्वकर्मा समाज के पदाधिकारियों ने की विधायक मुलाकात



**कुरुद 13 जनवरी।** झेरिया लोहार विश्वकर्मा समाज की पदाधिकारियों ने समाज के अध्यक्ष छेदन लाल विश्वकर्मा की अगुवाई में शुक्रवार को डॉक्टर रमन सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे व कुरूद विधायक अजय चंद्राकर से उनके निवास स्थान में सौजन्य मुलाकात किया साथ ही विधानसभा चुनाव में जीतकर दर्ज करा कर पुन÷ विधायक बनने पर गुलदस्ता भेंटकर बधाई दिया।मौके पर विश्वकर्मा समाज हसदा परिक्षेत्र नंबर 1का अध्यक्ष छेदन लाल विश्वकर्मा,उपाध्यक्ष दशरू राम विश्वकर्मा,कोषाध्यक्ष मनोहर,संरक्षक भारत विश्वकर्मा,सहित टेकराम विश्वकर्मा,रोहित विश्वकर्मा,किसन लाल विश्वकर्मा मौजूद रहे।

# पीएम की मंशानुरूप समाज के सभी वर्गो को मिलेगा योजनाओं का लाभः विधायक

**जगदलपुर 13 जनवरी।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जगदलपुर विकासखंड के ग्राम नगरनार में आयोजित संकल्प शिविर में विधायक श्री किरण देव सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि और भारत सरकार के संयुक्त सचिव श्री पीयूष सिंह, कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. तथा जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन अपार उत्साह के साथ शामिल हुए। इस अवसर पर विधायक श्री किरण देव ने हल्बी बोली में सम्बोधित करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की मंशा गांव, गरीब, किसान सभी को जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित कर सबको विकास से जोड़ना है, इसी मंशानुरूप समाज के सभी वर्गो को योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा चलाया जा रहा है। उन्होंने संकल्प शिविरों में अधिक से अधिक लोगों को उपस्थित होकर सरकार की योजनाओं से लाभान्वित होने का आग्रह किया। इस मौके पर विधायक श्री किरण देव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी के संकल्प को पूरा करने के लिए राज्य सरकार कटिबद्ध होकर काम कर रही है। उन्होंने इस दिशा में किसानों को दो साल के धान बोनस राशि वितरण, प्रदेश के 18



लाख परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि प्रदाय इत्यादि का उल्लेख करते हुए विकास के हर काम को सभी के साथ मिलकर किये जाने का संकल्प व्यक्त किया। इस मौके पर विधायक श्री किरण देव ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों तथा ग्रामीणों को वर्ष 2047 तक आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत बनाने की शपथ दिलाई। इस दौरान कलेक्टर श्री विजय दयाराम के.ने कहा कि जनहितकारी योजनाओं की जानकारी समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रत्येक पंचायत में संकल्प यात्रा शिविर आयोजित की जा रही है। ग्रामीणों के आवेदनों पर विभागीय अधिकारी तत्काल कार्यवाही कर पात्र लोगों को योजनाओं से जोड़ रहे हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार के साथ योजनाओं के लाभार्थियों की कहानी उन्ही की जुबानी सुनाकर अन्य ग्रामीणों को प्रेरित करने सहित शिविर में योजनाओं के लिए आवेदन लेकर पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करना है। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि लगभग 280 ग्राम पंचायतों में शासकीय योजनाओं का प्रचार वाहन पहुंचकर ढाई लाख से अधिक ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी दी है जिससे कई लोगों ने लाभ लिया है।

नगरनार में विधायक श्री किरण देव ने ग्रामीणों को आयुष्मान कार्ड और किसानों को धान बोनस वितरण प्रमाण पत्र एवं किसान क्रेडिट कार्ड का वितरण किया। इस दौरान अतिथियों ने आयुष्मान भारत पंजीयन एवं कार्ड प्रदाय, किसान क्रेडिट कार्ड पंजीयन एवं प्रदाय, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, स्वास्थ्य विभाग, पशुधन विकास विभाग, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, महिला एवं बाल विकास विभाग, कृषि विभाग इत्यादि के स्टाल का निरीक्षण कर अधिक से अधिक ग्रामीणों को लाभ देने के निर्देश दिए। इस अवसर पर स्कूली बच्चों के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की भी प्रस्तुति दी गई। इस दौरान क्षेत्र के जनप्रतिनिधिगण, पुलिस अधीक्षक श्री शशि मोहन सिंह,जिला पंचायत सीईओ श्री प्रकाश सर्वे, डीएफओ श्री उत्तम गुप्ता सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी तथा हजारों की संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान नगरनार में हितग्राहियों ने विभिन्न योजनाओं के तहत मिले लाभ से उनके जीवन में आए बदलाव की जानकारी को उपस्थित ग्रामीणों के साथ साझा की। जिसके तहत प्रधानमंत्री आवास योजना से पक्का मकान बनाने वाले रामदास ने कहा कि पहले मिट्टी के घर में बारिश के दौरान बहुत दिक्कत होती थी,अब प्रधानमंत्री आवास योजना की सहायता से पक्का मकान बनाकर परिवार के सदस्यों के साथ खुशहाल जीवन व्यतीत कर रहे हैं। उन्होंने पक्का मकान बनाने हेतु प्रधानमंत्री आवास योजना संचालित करने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के प्रति कृतज्ञता प्रकट किया। इसी तरह मैनबत्ती ने आयुष्मान भारत कार्ड के माध्यम से नगरनार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में निःशुल्क उपचार करवाने के बारे में बताया। वहीं सुभद्रा बाई ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना की सहायता से निर्मित पक्का मकान में बारिश, धूप एवं ठण्ड के मौसम में भी परिवार के लोग सुविधापूर्वक निवास कर रहे थे।

# महर्षि वेदव्यास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भखारा 13 जनवरी।** युवाओं के प्रेरणा पुरूष स्वामी विवेकानंद की जयंती अर्थात् राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के निर्देशानुसार महर्षि वेदव्यास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भखारा मे प्राचार्य डॉ. संजय शर्मा के मार्गदर्शन मे प्रधानमंत्री का देशभर के युवाओं का संबोधन संबधी कार्यक्रम विद्यार्थियों को दिखाया गया।

स्वामी विवेकानंद के जीवन दर्शन व उनके विचारों एवं सिद्धांतों से विद्यार्थियों को अवगत कराने के उद्देश्य से राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान मे राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया जानेन्द्र बंजारे रासेयो कार्यक्रम अधिकारी द्वारा विवेकानन्द के जीवन परिचय पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्रीय युवा दिवस मनाए जाने के संबंध मे तथ्यात्मक जानकारी दी गई। देश मे सन् 1984 से प्रत्येक वर्ष 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया जा रहा है। प्राचार्य डॉ. संजय शर्मा द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के महान



विचारों पर प्रकाश डाला गया तथा विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा गया कि उन विचारों मे से कुछ विचार भी आप अपने अन्दर आत्मसात कर लें तो आपको जीवन मे सफ़ल होने से कोई नहीं रोक सकता। उन्होने कहा कि युवाओं को आलोचकों के नकारात्मक विचारों से दूर रह कर सतत् अपने लक्ष्य प्राप्ति की ओर अग्रसर रहना चाहिए।डॉ. कविता वैष्णव विभागाध्यक्ष हिन्दी ने स्वामी विवेकानंद के जीवन से सम्बन्धित प्रसंग पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वेशभूषा से किसी व्यक्ति की व्यक्तिव का आंकलन नही लगाया जा सकता। व्यक्तिव की पहचान व्यक्ति के विचार,विवेक एवम् व्यवहार से होती है।युवाओं को अपनी संस्कृति को संरक्षित कर रखने के लिए प्रेरित किया गया। डॉ. अविनाश आर निचत विभागाध्यक्ष प्राणिशास्त्र द्वारा अपने उद्बोधन मे बतलाए कि विवेकानन्द जी ने सन 1893 मे अमेरिका के शिकागो मे आयोजित विश्व धर्म महासभा मे भारत से सनातन धर्म का प्रतिनिधित्व करते हुए संबोधन किए - ÷मेरे अमेरिकी भाइयों एवम् बहनों ÷। उनके इस संबोधन से पूरा राष्ट्र प्रभावित हो उठा। उन्होने रामकृष्ण परमहंस एवम् विवेकांनद के बीच अकाट्य श्रद्धा से सम्बन्धित जीवन प्रसंग पर विस्तारपूर्वक जानकारी दिए। रामकिशोर यादव विभागाध्यक्ष राजनीति विज्ञान द्वारा विवेकानन्द जी के विचारों पर प्रकाश डालते युवाओं को अपने छोटे छोटे लक्ष्यों को पूर्ण कर राष्ट्र के विशाल लक्ष्य की प्राप्ति मे भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने अपने उद्बोधन मे सांस्कृतिक विरासत को शाश्वत बनाए रखने पर बल दिया। स्वयंसेवकों को ओर से चेतनानंद बीएससी द्वितीय वर्ष ने विवेकांनद के जीवन दर्शन पर अपने विचार अभिव्यक्त किए।

कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रकट जानेन्द्र बंजारे रासेयो कार्यक्रम अधिकारी द्वारा किया गया। तत्पश्चात प्राचार्य महोदय के अनुमति से कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा की गई।इस कार्यक्रम में समस्त महाविद्यालयीन प्राध्यापकगण,व्याख्यातगण,कर्मचारीगण एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

समाचार संक्षेप

### कुम्हारों को दी गई ट्रेनिंग



**सुकमा 13 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।** समुदाय भवन कुम्हाररास में 20 कुम्हारों को 12 दिसंबर से 11 जनवरी तक ट्रेनिग दी गई। कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम पाठ्यक्रम एडवांस कोर्स के द्वारा भारत सरकार मान्यता प्राप्त ट्रेनिंग देने वाले जागेश्वर कुम्भकार जगदलपुर के कुम्हारों को अनोखी मिट्टी से निर्माण कर सीखा रहे है। सुकमा अध्यक्ष तुलसीराम नाग के निर्देशन में ट्रेनिंग दिया गया।

### ऑनलाईन ठगी के मामले का आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजा गया

**सुकमा 13 जनवरी।** 10 नवंबर 2020 को प्रार्थीया मीना कुजांम पिता धनेश कुंजाम उम्र 25 वर्ष सा. बाजार पारा तोंगपाल जिला सुकमा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दिनांक 04.11.2020 को अज्ञात मोबाइल नंबर 7044537783, 8112496571 के धारक द्वारा प्रार्थीया के मोबाइल नंबर 9406226658, 6262468930 में कॉल कर अमेजोन बिगेस्ट प्रमोशन डे में आपका नाम ईनाम हेतु चुना गया है कहकर ओ.टी.पी भेजकर तथा पेटीएम के माध्यम से अलग अलग किस्तों में कुल 24111/- रूपये का धोखाधड़ी कर ठगी किया है कि रिपोर्ट पर थाना तोंगपाल में अपराध क्रमांक 37/2020 धारा 420 भा.द.वि. पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपी द्वारा इलेक्ट्रानिक साधनों से छलकपट पूर्वक ठगी करना पाये जाने पर प्रकरण में आई.टी.एक्ट. धारा 66 (डी) जोड़ी गई। पुलिस अधीक्षक महोदय सुकमा श्री किरण चौहान के द्वारा अपराध समीक्षा के दौरान पुराने लंबित प्रकरणों का निराकरण हेतु सख्त निर्देश दिया गया था। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुकमा श्री आकाश मरकाम तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी महोदया श्रीमति पारूल खंडेलवाल के पर्यवेक्षण में आरोपी की पता तलाश बाबत् उप निरीक्षक विरेन्द्र कवंर के नेतृत्व में टीम उत्तर प्रदेश भेजी गई थी, जिनके द्वारा लंबे समय से लंबित प्रकरण के आरोपी को उत्तर प्रदेश से पता तलाश किया गया तथा आरोपी सचिन कुमार पिता सुनील कुमार उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम कठिघरा पोस्ट थमरवा थाना हरियांवा जिला हरदोई उ. प्र. को आज दिनांक 26.12.2023 को विधिवत् गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया । उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष सिंह उप निरीक्षक विरेन्द्र कवंर, आर. आकाश सिन्हा, रमेश कोर्राम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा 16 गांवों में पहुंची



**उत्तर बस्तर कांकेर, 13 जनवरी।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत 12 जनवरी को जिले के ग्राम पंचायत डोंगरगांव, पटौद, नाहगीदा कलगांव, हिन्दू बिनापाल, कुर्री, कानापोंड, चिनौरी, साधुमिचगांव, सुरूंग दोह, बेवरती, विष्णुपुर, पानावार, द्वारिकापुरी, श्रीगुहान एवं उमरादाह में कार्यक्रम आयोजित की गई। इस दौरान ग्रामवासियों को केन्द्र सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल में हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित भी किया जाएगा। इस दौरान युवा दिवस के अवसर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के संदेश का लाइव प्रसारण भी हुआ। इस मौके पर मेरी कहानी मेरी जुबानी के जरिए विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों ने योजना से हुए लाभ की जानकारी दी। साथ 'धरती कहे पुकार के' की प्रस्तुति के माध्यम से ग्रामीणों को रासायनिक खाद से होने वाले नुकसान और जैविक खाद के लाभ के बारे में बताते हुए प्राकृतिक खेती अपनाने का आग्रह किया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच एवं परीक्षण किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

### कमिश्नर ने केशकाल क्षेत्र के मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

**जगदलपुर 13 जनवरी।** कमिश्नर श्री श्याम धावड़े अपने निरीक्षण दौरे में शुक्रवार को केशकाल क्षेत्र के मतदान केंद्रों का जायजा लिया। उन्होंने शासकीय उच्च प्राथमिक शाला गुलबापारा, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बहीगांव और शासकीय जनपद प्राथमिक शाला बहीगांव के मतदान केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान केंद्रों में आवश्यक मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित मतदान केन्द्र के बीएलओ से मतदाता जनसंख्या अनुपात, कुल मतदाताओं की संख्या, मतदान प्रतिशत एवं अन्य आवश्यक जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने आगामी लोकसभा निर्वाचन-2024 हेतु विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत नये मतदाताओं का नाम जोड़ने, मतदाता सूची में त्रुटि सुधार एवं हटाने संबंधी कार्यों की भी जानकारी ली और निर्वाचक नामावली के शुद्धिकरण करने हेतु आवश्यक निर्देश भी दिए। मतदान केंद्र के रूप में चिन्हांकित स्कूल के निरीक्षण दौरान कमिश्नर ने स्कूली बच्चों और शिक्षको से पढ़ाई के संबंध में चर्चा की। साथ ही बच्चों को ईमला लिखवा कर उनकी लेखन और बौद्धिक क्षमता का आंकलन कर शिक्षकों को बेहतर अध्यापन करवाने पर जोर दिया। इस अवसर पर क्षेत्र के एसडीएम,तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। स्कूली बच्चों के जाति प्रमाण पत्र जारी करने के भी निर्देश राजस्व अधिकारियों को दिए।

# कोंटा में मनाई गई स्वामी विवेकानंद की जयंती

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कोंटा 13 जनवरी।** बस्तर के माटी समाचार स्वामी विवेकानंद सेवा समिति ने राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष पर उत्साह, साहस, और उमंग, के पर्वार के सभी युवाओं को शुभकामनाएं देते हुए। कोंटा नगर पंचायत वार्ड क्रमांक 13 में स्थित स्वामी विवेकानंद पार्क में स्वामी विवेकानंद जी 161 वीं जयंती मनाई गई। स्वामी जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर स्वामी विवेकानंद जय घोष के नारे से गूंज उठी। वही स्वामी विवेकानंद सेवा समिति के द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती पर कोंटा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंटा में मरीजों फल वितरित किया। एवं स्वामी विवेकानंद जी के जीवनी को अपने जीवन में भी आत्मासात करने की वचन लिया गया।

स्वामी विवेकानंद सेवा समिति के सदस्य गिरिश कुमार ने कहा कि हर वर्ष 12 जनवरी को युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई जाती है। इस दिन को भारत में राष्ट्रीय युवा दिवस के तौर पर भी मनाया जाता है। स्वामी विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी, 1863 को कोलकता में पिता विश्वनाथ दत्त और माता भुवनेश्वरी देवी के घर हुआ था। योग, राजयोग और ज्ञानयोग जैसे ग्रंथों की रचना करके स्वामी विवेकानंद ने युवा जगत को नई राह दिखाई जिसका भारतीय जनमानस पर जबरदस्त असर हुआ और आगे भी युगों युगों तक इसका प्रभाव रहेगा। स्वामी जी केवल एक संत ही नहीं बल्कि एक महान देशभक्त, दार्शनिक, वक्ता, विचारक, लेखक भी थे। स्वामी विवेकानंद के ओजपूर्ण विचार हमेशा से युवाओं को प्रेरित करते रहे हैं इसलिए साल 1985 में भारत सरकार ने स्वामी जी के जन्मदिन को राष्ट्रीय युवा दिवस के तौर पर मनाने का फैसला लिया। वह बेहद कम उम्र में विश्व विख्यात प्रभावशाली आध्यात्मिक गुरु बन गए थे। 1893 में अमेरिका के शिकागो में हुए विश्व धार्मिक सम्मेलन में उन्होंने जब भारत और हिंदुत्व का प्रतिनिधित्व किया तो उनके विचारों से पूरी दुनिया उनकी ओर आकर्षित हुई। वेदांत और योग को पश्चिमी संस्कृति में प्रचलित करने में उन्होंने बेहद अहम योगदान दिया। इस अवसर पर जी वेंकटरमन रेड्डी, गिरीश कुमार, व्ही नरेश कुमार, जी सुनील कुमार, वेट्टी अनिल कुमार, श्रीनू शास्त्री, बंशी मौर्य, साई वंशी, व अनुपूर्ण दुबे एवं अन्य सदस्य मौजूद रहे।



# कलेक्टर ने किया जिला अस्पताल का निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 13 जनवरी ।** जिला कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी द्वारा आज जिला अस्पताल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न वार्डों में जाकर वहां पर मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली और कहा कि अस्पताल परिसर सहित सभी वार्डों एवं प्रसाधन कक्षों की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जावें। इसके अलावा मरीजों को व्यर्थ इधर-उधर भटकना ना पड़े इसके लिए वार्डों एवं चिकित्सा कक्षों की सुस्पष्ट जानकारी देने के लिए दिशानिर्देश बोर्ड की व्यवस्था करें। इस दौरान सिविल सर्जन डॉक्टर कपिल देव कश्यप के द्वारा जिला अस्पताल में संचालित मेडिकल वाड, कैजुअल्टी वार्ड, आईसीयू, एसएनसीयू हमर लैब, पी आर सी ओटी हीमोडायलिसिस एवं ओपीडी के संबंध में जानकारी दी गई । इसके साथ ही कलेक्टर के द्वारा जिला अस्पताल में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के संचालन के लिए हेल्थ एक्शन प्लान एवं मानव संसाधन आवश्यक दवाइयां एवं ऑक्सीजन प्लांट के लिए एक प्लान तैयार करने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जयंत नाहटा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर संजय बसाक मौजूद थे।




### राष्ट्रीय युवा दिवस पर कृषि विज्ञान केन्द्र में हुआ आयोजन



**उत्तर बस्तर कांकेर, 13 जनवरी।** रामप्रसाद पोटाई कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, सिंगारभाट कांकेर व कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, पखांजूर के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के अंतर्गत 11 व 12 जनवरी को युवा दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री भरत मटियारा ने स्वामी विवेकानंद के विचारों को विद्यार्थियों के समक्ष रखा तथा उन्हें अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने हेतु प्रोत्साहित किया ताकि भारत एक विकसित राष्ट्र बन सके। विशिष्ट अतिथि श्री देवेन्द्र भाउ ने स्वामी विवेकानन्द के आदर्श विचारों को युवाओं को सीखने के लिए प्रोत्साहित किया। वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख कृषि विज्ञान केन्द्र डॉ. बीरबल साहू ने युवाओं को विकास के पिलर के रूप में संबोधित किया। प्रभारी अधिष्ठाता डॉ. प्रमोद कुमार नेताम ने महाविद्यालय में सीताफल पल्प से आइसक्रीम बनाना, मूंगफली, सरसों, चना, मटर व लघु धान्य फसल रागी का बीज उत्पादन शिक्षा एवं अनुसंधान कार्या के बारे में अवगत कराया तथा राष्ट्रीय युवा दिवस एवं विकसित भारत/2047 अभियान में युवाओं को अपनी भागीदारी देने के लिए प्रेरित किया। राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य पर महाविद्यालय में एक दिवस पूर्व विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था।

# अयोध्या से आये अक्षत व भगवान श्रीराम की फोटो के साथ रामभक्त घर-घर दे रहे लोगों को न्यौता

**सुकमा 13 जनवरी।** सुकमा जिले भर में रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा राम महोत्सव पर 22 जनवरी को होने वाले भव्य कार्यक्रम में आमंत्रण के लिए रामभक्तों की टोली घर-घर पहुंच रही है। हर कोई इस पावन दिन का हिस्सा बनें, इसलिए सभी को पीले चावल के साथ आमंत्रण पत्र भी दिया जा रहा है। सुकमा जिले में भी इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिसको लेकर श्रद्धालु जनों के द्वारा तैयारी की जा रही है।

भगवान श्री राम के स्वागत के लिए कलश यात्रा के साथ-साथ कई जगहों पर रामभक्तों के द्वारा राम नाम का संकीर्तन व हनुमान चालीसा का पाठ भी किया जा रहा है, 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। इस अवसर पर सुकमा जिले के मंदिरों में दीप प्रज्वलित कर राम महोत्सव मनाया जाएगा। साथ ही मंदिरों में सुंदरकांड, अखंड रामायण पाठ का जाप भी किया जाएगा। जिसकी तैयारी में श्रद्धालु जन जुटे हुए हैं, वहीं प्रतिदिन सुबह भगवान श्री राम की संकीर्तन किया जा रहा है, वहीं इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं।

वहीं धार्मिक मान्यताओं के अनुसार कोई भी पूजा पाठ का कार्य हो उसमें चावल का उपयोग जरूर किया जाता है, हिंदू धर्म में धार्मिक कार्य के दौरान तिलक लगाया जाता है, तो उसमें भी चावल लगाया जाता है। कहा जाता है कि पीले चावल का उपयोग करने से देवी-देवता जल्दी प्रसन्न होते हैं, इसलिए रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ मौके पर आमंत्रण पत्र के साथ पीले चावल को भी दिया जा रहा है, पीले चावल से किसी भी शुभ कार्य में सफलता जरूर मिलती है। इसलिए रामलला प्राण प्रतिष्ठा के शुभ मौके पर भी अक्षत यानी पीले चावलों का उपयोग किया जा रहा है।



### आमंत्रण पत्र में कार्यक्रम की जानकारी

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के आमंत्रण पत्र के साथ कार्यक्रम की जानकारी दी जा रही है, रामभक्तों को अयोध्या में होने वाले 22 जनवरी की प्राण प्रतिष्ठा के दिन वो पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 1.00 बजे के मध्य अपने ग्राम, मोहल्ले, कॉलोनी में स्थित किसी मंदिर के आस-पड़ोस के रामभक्तों को एकत्रित करके, भजन संकीर्तन करने, टेलीविजन या कोई पर्दा रुश्व.ष्ठ स्क्रीन लगाकर अयोध्या का प्राण प्रतिष्ठा समारोह समाज को दिखायें, शंखध्वनि, घंटानाद, आरती करें, प्रसाद वितरण करें।

### 22 जनवरी को दिवाली की तरह उत्सव मनाने की अपील

रामभक्त घर -घर जाकर पीले चावल तो दे ही रहे हैं, साथ ही वो एक आमंत्रण पत्र भी दे रहे हैं, जिसमें लिखा है कि आप लोग सपरिवार अयोध्या में आकर प्रभु श्रीराम जी की कृपा प्राप्त करें। साथ ही उन रामभक्तों के लिए भी लिखा है जो किसी कारणवश नहीं आ सकते हैं तो वो जिस जगह पर भी हों शाम के समय अपने घर के सामने दीपक जलाएं। इस दिन को ठीक उसी तरह मनाने की अपील की जा रही है जैसे सब लोग दिवाली के दिन दीपक जलाकर दीपोत्सव मनाते हैं, इस तरह से मनाने के लिए तैयारी की जा रही है।

### आरती करके आमंत्रण स्वीकार

गृह संपर्क अभियान के तहत अक्षत व भगवान राम की फोटो के साथ आमंत्रण दिया जा रहा है, पूरा माहोल भक्तिमय हो गया है, समिति द्वारा घर -घर पहुंचकर आमंत्रण दिया जा रहा था इस बीच सभी घरों के बाहर पहले से महिलाएं आरती लेकर खड़ी थी, बकायदा पूजा अर्चना के साथ आरती करके सभी ने आमंत्रण स्वीकार किया जा रहा है।

## एक नजर

### छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने डीईओ को सौंपा मांगों का ज्ञापन



**राजिम, 13 जनवरी।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन जिला गरियाबंद के प्रतिनिधि मंडल ने प्रदेश संयुक्त मंत्री पूरन लाल साहू एवं जिलाध्यक्ष परमेश्वर निर्मलकर के नेतृत्व में डीईओ रमेश कुमार निषाद से मुलाकात कर गरियाबंद जिले में कार्यरत शिक्षक संवर्ग की विभिन्न तात्कालिक समस्याओं के निराकरण के लिए ज्ञापन सौपकर चर्चा किया गया। इस अवसर पर सहायक शिक्षक एल.बी. (टी./ ई.) संवर्ग का प्राथमिक शाला प्रधान पाठक पदोन्नति हेतु पुनः प्रतिक्षासूची से पदोन्नत करने ,जी.पी.एफ. कटौती वर्ष 2018 से नियमित रूप से किया जा रहा है परन्तु आज पर्यन्त पासबुक संधारण नहीं किया गया है।सेवा पुस्तिका की द्वितीय प्रति संधारण करने, शिक्षक एल.बी. (टी./ ई.) संवर्ग का सेवा पुस्तिका का सत्यापन स्थानीय निधि संपरीक्षक रायपुर से किया जावें. वि.खं. देवभोग में कार्यरत् शिक्षक एल.बी. संवर्ग की सी.पी.एस. कटौती की राशि आज पर्यन्त उनके एन पी एस खाता में जमा नहीं किया गया है संविलियन पूर्व के समयमान, पुनरीक्षित, लंबित ऐरियर्स का भुगतान किया जावें,चिकित्सा अवकाश,अर्जित अवकाश में रहे शिक्षकों का नियमानुसार अवकाश स्वीकृत कर वेतन भुगतान करते हुए सेवाकाल के दौरान दिवंगत शिक्षकों (एल.बी.)का शेष प्रकरण शीघ्र निपटारा कर उनके आश्रित परिजनों को अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान किया जावें. वहीं विश्व विद्यालयीन व अन्य प्रतियोगी परीक्षा में सम्मिलित शिक्षकों का अनुमति आदेश प्रसारित किया जावें। तत्पश्चात प्रतिनिधि मंडल को जिला शिक्षा अधिकारी गरियाबंद ने आश्वासन दिया है की शीध्र इन सभी समस्या का निराकरण किया जावेगा। प्रतिनिधि मंडल में छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन गरियाबंद के जिलाध्यक्ष परमेश्वर निर्मलकर, प्रदेश संयुक्त मंत्री पूरन लाल साहू ,आई टी सेल गिरीश शर्मा,प्रांतीय महिला प्रतिनिधि गीता शरणागत ,ब्लॉक अध्यक्ष जितेन्द्र सोनवानी ,जिला सचिव सुरेश केला,जिला उपाध्यक्ष,सलीम मेमन जिला महामंत्री आर एस कंवर ,नारायण निषाद ,ओमप्रकाश वर्मा ,जितेंद्र साहू ,दिनेश निर्मलकर ,भूपेन्द्र गिरि गोस्वामी,ईरफान कुरैशी,देवानंद साहू ,अनिता मेश्राम,धनेंद्र कुमार निराला उपस्थित थे।

### गरियाबंद जिले के स्काउट गाइड का राज्यपाल ने किया सम्मान



**राजिम, 13 जनवरी।** भारत स्काउट एवं गाइड छत्तीसगढ़. राज्य मुख्यालय के तत्वाधान में राज्य सचिव कैलाश सोनी के निर्देशानुसार शिक्षा सत्र 2022-23 में राज्यपाल पुरस्कार प्रमाण पत्र परीक्षा में सफल हुए स्काउट, गाइड, रोवर,रेंजर को. राजभवन में राज्यपाल विश्व भूषण हरिचंदन एवं प्रदेश के शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के करकमलो द्वारा सम्मानित कर प्रमाण पत्र प्रदान किया गया.वहीं गरियाबंद जिला शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार निषाद एवं जिला सचिव रोमनलाल साहू के मार्गदर्शन में जिला संगठन आयुक्त स्काउट आशीष साहू एवं जिला संगठन आयुक्त गाइड सीमा साहू के नेतृत्व में गरियाबंद जिले 68 स्काउट-गाइड,रोवर-रेंजर सफल हुए. प्रतिनिधि के रूप में चयनित स्काउट युवराज,गाइड पूजा साहू, रोवर चित्रसेन ध्रुव, रेंजर दीक्षा साहू को महामहिम राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन एवं शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल द्वारा सम्मानित हुए एवं जिले के सफल प्रतिभागियों का प्रमाण पत्र प्राप्त किए.इस गरिमामयी समारोह में. राज्य मुख्य आयुक्त विनोद सेवनलाल चंद्राकर, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा,कार्यकारी अध्यक्ष राजेश अग्रवाल,शिक्षा सचिव सिध्दार्थ कोमल परदेशी विशेष रूप से उपस्थित थे.गरियाबंद जिले के स्काउट- गाइड,रोवर -रेंजर को सम्मान प्राप्त होने पर राजिम विधायक रोहित साहू,जिला स्काउट संघ गरियाबंद अध्यक्ष व पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय,जिला मुख्य आयुक्त बैशाखू राम साहू.पूर्व जिला मुख्य आयुक्त डा रामकुमार साहू,चंद्रशेखर साहू जिला पंचायत सदस्य,उपाध्यक्ष पुष्पा जगन्नाथ साहू, मिलेश्वरी साहू, प्रीतम सिन्हा,रिखी राम यादव, आशीष शिंदे,कांति बस्तियां,संजीव चंद्राकर,जिला मीडिया प्रभारी पूरनलाल साहू एवं जिला संघ स्काउट गाइड के सदस्यों ने शुभकामनाएं दी।

### कलेक्टर ने किया धान उपार्जन केन्द्र का औचक निरीक्षण



**बीजापुर, 13 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवादादाता)** । कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने बीजापुर के धान उपार्जन केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री पाण्डेय ने धान खरीदी की जानकारी सहित धान के सुरक्षित रख-रखाव, संग्रहण, भंडारण सहित त्वरित उठाव के निर्देश दिए। धान की बोनस राशि जिन किसानों को नहीं मिला उसका त्वरित निराकरण कर सभी पात्र किसानों को बोनस राशि प्रदाय करने के निर्देश दिए। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर श्री पवन कुमार प्रेमी, जिला खाद्य अधिकारी श्री गणेश कुर्रे, नोडल अधिकारी सहकारी समिति श्री सुरज सिंह उपस्थित थे।

# महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने कलेक्ट्रेट में युवा दिवस पर सुना पीएम मोदी का संदेश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**गरियाबंद,13 जनवरी।** युवा महोत्सव के अवसर पर आज गरियाबंद जिला कलेक्ट्रेट के सभागृह एवं नगर पालिका में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं को संबोधित किया जिसे सुनने के लिए भारी संख्या में महाविद्यालय एवं विध्यालय के छात्र-छात्राऐ उपस्थित थे इस अवसर पर कलेक्टर के सभागृह में जिलाधीश दिपक अग्रवाल एवं जिला पंचायत सी ई ओ रीता यादव ने युवाओं से अपील किया कि वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के बताए गए मार्गो के अनुरूप आज देश को ऊचाइयों पर लेजाने का प्रयास करें विवेकानंद जी के उपदेशों को अपने जीवन में उतारे । युवा महोत्सव के अवसर पर आज गरियाबंद के विभिन्न महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न स्थानों पर टी.वी के माध्यम से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन को सुनते रहे। इसी के अनुरूप आज जिला कलेक्ट्रेट के सभागृह में जिलाधीश दीपक अग्रवाल जिला पंचायत सीईओ रीता यादव के साथ ही विभिन्न महाविद्यालय एवं विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने मोदी जी के भाषण को सुना इस अवसर पर मोदी जी ने उपस्थित बच्चों को संबोधित करते हुए कहा हम भारत को आगामी समय में दुनिया की सबसे बड़ी तीसरी शक्ति के रूप में उभरने के लिए कटिबंध हैं। हम दुनिया में भारत को दुनिया मे ऐसा हब बनाना चाहते हैं जहां पर भारत का एक अलग नाम हो। इस वक्त हम अमृत काल में जी रहे हैं और इसी के सहारे हमें विकसित भारत का निर्माण करना है ।आप सभी बच्चे यह समझ लें कि हमे भारत को ऐसी ऊंचाई पर ले जाना है की यह देश ग्लोबल लीडर बन सके । इस अवसर पर उन्होंने कहा हमें परिवारवाद की राजनीति नहीं करना है हमें लोकतंत्र को मजबूत बनाना है और लोकतंत्र में सभी की सहभागिता सुनिश्चित होती है। आप सभी युवाओं को चाहिए जो 18 साल से ऊपर हो चुके हैं वह मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज काराये और जवाबदार नागरिक बने ।हमें भविष्य में मेड इन इंडिया प्रोडक्ट को अपनाना है हम कोशिश करें कि हम अपने देश की वस्तुओं का अधिक से अधिक उपयोग करें।

# अपनी पुरानी साड़ी से महिलाओं ने बनाया राहगीरों के लिए मूत्रालय



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम-पांडुका, 13 जनवरी।** चारोंधाम चौक और बस स्टैंड पांडुका में एक भी मूत्रालय नहीं महिलाओं ने अपनी पुरानी साड़ी से मूत्रालय बनाया है पांडुका अंचल के सबसे बड़े गांव पांडुका में लगभग 25 से 30 गांव के लोग आना-जाना करते हैं और यह सबसे बड़ा साप्ताहिक बाजार और आंचल के सबसे बड़ा कस्बा के नाम से जाना जाता है पर दुर्भाग्य की बात है कि इतने बड़े ग्राम पंचायत के बस स्टैंड और चारों धाम चौक में एक भी मूत्रालय नहीं जिससे आने-जाने वाले राहगीरों और खासकर महिलाओं को भारी तकलीफों का सामना करना पड़ता है और अपने लघु नित्य क्रिया निपटाने के लिए आसपास के घरों को खोजते हैं ऐसे में पांडुका के कुछ जिम्मेदार लोगों ने इस बात को देखा और लगभग 45 महिलाओं ने अपनी पुरानी साड़ियां लेकर वैकल्पिक व्यवस्था बनाएं ग्राम के खिलावन सिन्हा के नेतृत्व में महिलाओं ने चारों धाम चौक और बस स्टैंड में जमकर हंगामा किया और ग्राम पंचायत पांडुका के खिलाफ आक्रोशित होकर उप सरपंच के द्वारा अपने घर का दूषित पानी निस्तार नया तालाब में उपयोग करने को लेकर जमकर बवाल किया खिलावन सिन्हा ने बताया कि ग्राम की महिलाओं ने ग्राम पंचायत को पांडुका बस स्टैंड और चारों धाम चौक में मूत्रालय बनाने को लेकर कई बार मौखिक व लिखित आवेदन दिए पर पंचायत के सरपंच सचिव और उप सरपंच ने सुनाई नहीं की इसको लेकर महिलाओं के सब्र का बांध टूटा और बुधवार को सभी महिलाएं एक जुट होकर हल्ला बोला साथ ही नया तालाब चारों धाम चौक स्थित नया तालाब में उपसरपंच द्वारा घर के गंदे पानी को सालों से पाइप।लगाकर फेंका जा रहा है जिसको लेकर पूर्व में ग्राम सभा की मीटिंग में बात हुई थी और उप सरपंच ने इसे हटाने के लिए 1 साल का वक्त भी मांगा था पर 1 साल बीत गया अभी तक उप सरपंच ने निस्तार तालाब से अपने गंदे पानी को फेंकने का सिलसिला बंद नहीं किया है खिलावन सिन्हा ने बताया कि इस तालाब में महिलाओं और पुरुष स्नान करते हैं साथ ही तालाब में दो शिव मंदिर भी है जिस तालाब से पानी लेकर महिलाएं शिवजी को जल अर्पण करती है ऐसे में उप सरपंच के घर का गंदा पानी तालाब में आकर मिलता है और उसी से भगवान शिव का लोग रोज जलाभिषेक करते है जिसको लेकर महिलाओं ने तत्काल उप सरपंच से गंदा पानी तालाब में फेंकने के लिए मना किया अगर नहीं मानेंगे तो इस बात को लेकर आगे शासन प्रशासन में शिकायत की जाएगी साथ ही चारों धाम चौक और बस स्टैंड में मुत्रालय बनाने को लेकर शासन का ध्यान आकर्षण करने के लिए यह हल्ला बोला गया और महिलाओं ने अपनी पुरानी साड़ी से मूत्रालय बनाया है। स्वच्छ भारत मिशन योजना अंतर्गत शासन शौचालय निर्माण के लिए 12 हजार प्रोत्साहन राशि दे रहे है।और लाखो रुपया खर्च कर ग्राम पंचायत में सार्वजनिक शौचालय बनवा रहे हैं जिसमें ताला लटका हुआ है उपयोग नहीं हो रहा है। पर आम नागरिकों के लिए एक मुत्रालय भी नहीं बनवा पा रहा है। ग्राम की महिलाएं सुजोतिन बाई सोनी बाई , लक्ष्मीबाई, प्रेम बाई हेमीन बाई, अबदलबाला पटेल, गायत्री बाई ,चंद्रिका बाई ,गीता बाई ,सुलोचना बाई ,खिलावन सिन्हा ,मनोज सचदेव अशोक पटेल, जवाहर शर्मा, उदल तारक ,शालिक राम साहू ,पूर्णिमा साहू सीता साहू ,सुनीता यादव, सुकून बाई ,सुहागा बाई आदि महिलाओं ने शामिल रहे।

### गायत्री परिवार ने राष्ट्रीय युवा दिवस पर स्वामी विवेकानंद को याद किया



**बीजापुर, 13 जनवरी।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वदान में आज गायत्री शक्तिपीठ बीजापुर युवा प्रकोष्ठ द्वारा युगनायक स्वामी विवेकानंद की 161 वीं जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया। युवा चेतना गीत के माध्यम से स्वामी जी के विचारों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। अपने संदेश में अखिल विश्व गायत्री परिवार प्रमुख डॉ. प्रणव पण्ड्या ने युवाओं को सद्विचार एवं सत्कर्म को जीवन में अपनाने, लक्ष्य प्राप्ति तक सतत चलते रहने के लिए निर्देश के साथ आज बीजापुर जिला मुख्यालय में रैली के माध्यम से सादा जीवन उच्च विचार संयम बरते रहें उदार ,ईश्वर ने इंसान बनाया भेदभाव किसने उपजाया,बने युवक सज्जन शालीन दे समाज को दिशा नवीन ,बीड़ी गुटका पान शराब इनकी आदत बड़ी खराब से प्रेरित कर युवाओं को सफल होने के विविध सूत्र बताए। युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष के. संतोष ने स्वामी विवेकानंद कड़ी मेहनत करने वाले तथा आदर्शों के लिए समर्पित महान योद्धा बताया। इस अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ के ट्रस्टी जे.पी राजपूत,विजय बहादुर ,राम यस विश्वकर्मा, बैधनाथ साहू समेत युवा प्रकोष्ठ से अग्गी संतोष , दुर्गेश साहू,अर्जुन वेगो ,महेश नेताम और देव संस्कृति विश्व विद्यालय शांति कुंज से आए सुभम सोनी,प्रप्पुल त्यागिऔर रूपेश पंडे समेत गायत्री परिजन सामिल थे।

# स्वामी विवेकानंद भारतीय संस्कृति के महानायक:पूरन लाल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजिम,13 जनवरी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिजली में स्वामी विवेकानंद की जयंती पर युवा दिवस कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य व शिक्षकों के द्वारा मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद की छाया चित्र पर दीप प्रज्वलित व श्रीफल फोड़कर किया गया।तत्पश्चात उपस्थित शिक्षकों का स्वागत गुलाल से किया गया.युवा दिवस के अवसर छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए संस्था के प्राचार्य पूरन लाल साहू ने कहा कि स्वामी विवेकानंद भारतीय संस्कृति के महानायक थे। उठो,जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य हासिल न हो जाए. इस मंत्र को देने वाले स्वामी विवेकानंद को यूथ आइकन ऑफ इंडिया भी कहा जाता है।स्वामी विवेकानंद ने दीन दुखियों की सेवा को सबसे बड़ा धर्म बताया। उन्होंने 11 सितम्बर 1893 को अमेरिका के शिकागो के धर्म संसद में अपने भाषण के जरिए दुनिया को जो संदेश दिया था वो आज भी प्रासंगिक है।वही उनके इस भाषण से पूरी दुनिया मे भारत का मान-सम्मान बढ़ा। 1 मई 1897 में उन्होंने रामकृष्ण मिशन की स्थापना की।उन्होंने आगे कहा कि भारतीय युवाओं में अध्यात्म की अलख जगाने वाली स्वामी विवेकानंद महान विचारकों में से एक है। उन्होंने आगे तम्बाकू के सेवन से होने वाले दुष्परिणाम के संदर्भ में छात्र छात्राओं को शपथ दिलाते हुए कहा कि तम्बाकू के सेवन से मुँह में कैंसर और फेफड़ों के ख़राब होने का खतरा हो जाता है. नशा इंसान को अंदर से खोखला बना देता है.दिनेश कुमार साहू व्याख्याता ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने रामकृष्ण मिशन के जरिए भारतीय संस्कृति के मूल्यों को दुनियाभर के लोगों के बीच पहुंचाने में अहम योगदान दिया। युवाओं को उनके प्रेरक विचार एवं आदर्श को जीवन में आत्मसात करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन गीता साहू (11वी ) ने किया. इस मौके पर संस्था के प्राचार्य पूरन लाल साहू, व्याख्याता दिनेश कुमार साहू, विनय कुमार साहू, नरेंद्र कुमार वर्मा,संतोषी गिलहरें, सत्या मिश्रा, नकुल राम साहू,रुद्र प्रताप साहू,दुष्यंत साहू,भृत्य आकाश सूर्यवंशी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# मोदी ने युवाओं से भारत को विकसित देश बनाने का आव्हान किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर 13 जनवरी ।** राष्ट्रीय युवा दिवस स्वामी विवेकानंद जी के जन्म दिवस पर प्रत्येक वर्ष 12 जनवरी को मनाया जाता है। इसी कड़ी में बीजापुर शहर के शहीद वेंकटराव महाविद्यालय और नया बस स्टैण्ड में कार्यक्रम आयोजित जिसमें देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने महाराष्ट्र के नासिक में आयोजित 27 वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव कार्यक्रम से देश भर के युवाओं से वर्चुअल जुड़ कर देश के महापुरूष स्वामी विवेकानंद के आदर्शो से युवाओं को अवगत कराते हुए उनके सिद्धांतों, आदर्शो पर चलकर नई ऊर्जा और आत्मविश्वास के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने भारत को विकसीत राष्ट बनाने और एक नई ऊचाई पर ले जाने युवाओं से आहवान किया।जिला स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करने हुऐ कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने स्वामी विवेकानंदजी के आदर्शो को आत्मसात कर कर्तव्य पथ पर निरंतर डटे रहें सफलता निश्चित मिलेगी, महापुरूषों के विचार उनके आदर्श हमें सकारात्मक ऊर्जा देती है जो हमें बड़े से बड़े चुनौतियों का सामना करने और सफल होने में सक्षम बनाती है। कलेक्टर श्री पाण्डेय ने कहा स्वामी विवेकानंद जी का दर्शन केवल आध्यात्मिक तक ही सीमित नही था। सांस्कृतिक वैभव के साथ-साथ देश की औद्यौगिकरण आर्थिक सुदृढ़ीकरण के लिए अनुकरणीय पहल किए स्वामी विवेकानंद जी एवं जमशेद जी टाटा के विदेश यात्रा के दौरान विवेकानंद जी द्वारा जमशेद जी टाटा को दिए गए सुझाव जिसमें स्वामी विवेकानंद ने देश को विज्ञान और तकनीक का सहारा लेते हुए स्वदेशी ज्ञान व कौशल के जरिए देश का आत्मनिर्भर बनाने की बात कही।जमशेद जी टाटा ने स्वामी जी तकनीक, अर्थशास्त्र उद्योग और खनिजों के संबंध में गहरी जानकारी से प्रभावित हुऐ और उनके सलाह पर प्रतिष्ठित टाटा स्टील कंपनी की बुनियादी जमशेदपुर शहर में रखी। कलेक्टर श्री पाण्डेय ने महाविद्यालय के छात्रों, युवाओं को हमेशा सकारात्मक ऊर्जा के साथ आगे बढ़ने और देश के महान संत एवं महापुरूषों की जीवनी को पढ़ने उनसे प्रेरणा लेने की बात कही।राष्ट्रीय युवा दिवस पर महाविद्यालय में विविध कार्यक्रम का आयोजन- राष्ट्रीय युवा दिवस पर शहीद वेंकटराव महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं द्वारा रंगोली, निबंध, चित्रकला एवं सास्कृतिक कार्यक्रमों की मनोहर प्रस्तुति दी गई, कलेक्टर श्री पाण्डेय ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरूस्कार प्रशस्ति प्रदान कर सम्मानित किया गया।मतदान जागरूकता अभियान अर्न्तगत कार्यक्रम में मताधिकार का प्रयोग करने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अनुराग पाण्डेय ने शपथ दिलाई। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी श्री बलीराम बघेल, महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ अमरनाथ साहू, संयुक्त कलेक्टर श्री पवन कुमार प्रेमी, डिप्टी कलेक्टर श्री नारायण गवेल सहित गणमान्य नागरिक एवं मीडिया प्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

## समाचार संक्षेप

### एनएसएस के शिविर में मनाया गया युवा दिवस



**बीजापुर 13 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवादादाता)** । शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर के अंतर्गत शासकीय इंद्रावती महाविद्यालय भोपालपटनम में एनएसएस शिविर के द्वितीय दिवस में स्वामी विवेकानंद जी के जन्म दिवस के अवसर पर युवा दिवस मनाया गया । जिसमे योगाभ्यास स्वयंसेवक गादे शैलेश द्वारा सूर्यनमस्कार आदि विभिन्न योग के बारे में बताया गया ,परियोजना कार्य एवम स्वास्थ पंचायत कार्यक्रम के अंतर्गत पटेल पारा में स्वच्छता अभियान चलाया गया । तृतीय सत्र में बौद्धिक परिचर्चा में एसबीआई भोपालपटनम के शाखा प्रबंधक महोदय द्वारा बैंकिग क्षेत्र में होने वाले ऑनलाइन फ्राड,बैंकिग क्षेत्र में रोजगार,बैंकिग क्षेत्र के सरकार से चलने वाली योजनाएं की जानकारी दी गई। गांधी फेलो प्राची द्वारा युवाओं को प्रेरित करते हुए बताया कि इस साल राष्ट्रीय युवा दिवस की थीम इट्स आल इन यूअर माइंड रखा गया है ,इसका मतलब यही है कि, सब कुछ आपके दिमाग में है साथ ही साथ विभिन्न महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान कि गई।उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में तिमेड़ के सरपंच मीना गोटे सचिव क्रिष्णा अल्लेम, समस्त ग्रामवासी, शाखा प्रबंधक प्रणब कर्माकर, एनएसएस कैंप प्रभारी धर्मेंद्र पाटनवार, सभी छात्र, समस्त स्टॉप , आकांक्षी जिला कार्यक्रम के प्रोग्राम लीडर अरुण कुमार और गांधी फेलो प्राची तुमसरे द्वारा सहयोग प्रदान किया गया।

### जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति एवं जिला स्तरीय पुनरीक्षण समिति की बैठक आयोजित

**बीजापुर 13 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवादादाता)** । 11 जनवरी 2024 को तिमाही का जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति एवं जिला स्तरीय पुनर्निरक्षण समिति की बैठक कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में 11 जनवरी दिन गुरूवार को आयोजित किया गया। कलेक्टर ने अधिक से अधिक मतस्य पालक और पशुपालक किसानो को क्रेडिट कार्ड उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, जिससे उन्हें अल्प व्याज पर ऋण की सुबिधा उपलब्ध हो सकें और वह आसानी से व्यवसाय के लिए धन का प्रबन्ध कर सकें।



बैठक में जिले में बैंकिंग गतिविधि, साख जमा अनुपात की समीक्षा की गई। उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, जिला व्यापार एवं उद्योग, अंत्यावसायी वित्त विकास निगम आदि के माध्यम से स्वरोजगार स्थापना के लिए बैंकों को प्रेषित सभी लंबित प्रकरणों को जल्द से जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा, जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत बीमित हितग्राहियों की मृत्यु होने पर बीमा राशि के भुगतान के लिए बैंक और शासन मिलकर पहल किये जाने की आवश्यकता बताई, भारतीय रिज़र्व बैंक से उपस्थित एल डी ओ अविनाश टोप्पो ने भी सभी बैंक जिनके सी डी अनुपात बेंचमार्क से कम है उन्हें सुधार करने हेतु पलानिंग करके अगले छ्छ्ष्ट मीटिंग तक कम से कम 40ः तक लाने के निर्देश दिये। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री गीत सिन्हा, नाबार्ड से डीडीएम् श्री जगदीश, भारतीय रिज़र्व बैंक के प्रतिनिधि श्री अविनाश टोप्पो, जिला उद्द्योग केन्द्र से महा प्रबंधक श्री बिलुंग, सीईओ अन्तयावसायी श्री योगेश, उप संचालक पशुपालन डा. एसएस राजपूत, सहायक संचालक मछ्ली पालन व् सहायक परियोजना अधिकारी जिलापंचायत, आरसेटी संचालक, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक एवं जिला में कार्यरत सभी बैंकों के संयोजक और शाखा प्रबंधक उपस्थित रहे।

### अशिक्षित शाला त्यागी किशोरियों को किया जा रहा शिक्षित



**बीजापुर, 13 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवादादाता)** । महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिले में बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं अभियान अंतर्गत व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इस दौरान बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए जिले में विभिन्न प्रयास किये जा रहे है। जिले के सभी विकासखण्डों के गांवों जिसमें गंगालूर, पदेड़ा, पालनार, मेटापाल, उस्कालेड, पेगड़ापल्ली, कांदला, इलमिड़ी, लकांपल्ली, पुतकेल, पुसबाका, सेमलडोडी, तिम्मापुर, कोशलनार 1, मिरतुर 1, मिरतुर 2 हुर्रेपाल, बेचापाल, कोडोली एवं फरसेगढ़ के आंगनबाडी केन्द्रों में अशिक्षित शाला त्यागी किशोरियों को बीजादूतीर स्वयं सेवकों के द्वारा अक्षर ज्ञान एवं शिक्षा से जोड़ा जा रहा है इस हेतु बीजादूतीर स्वयं सेवकों को स्लेट, चाक और ब्लैक बोर्ड चार्ट उपलब्ध कराया गया है। ताकि किशोरी अक्षर ज्ञान प्राप्त कर साक्षर हो सके। साथ ही किशोरियों को शिक्षा के साथ ही साथ पोषण, स्वच्छता, टीकाकरण, खानपान व्यवहार के संबंध में भी साक्षर किया जाकर ताकि व्यापक व्यवहार परिवर्तन अपने एवं अपने घर में कर सके। इस कार्य में बीजादूतीर स्वयं सेवको का अभूत पूर्वक योगदान दे रहे है।

### खाता भुगतान को लेकर श्रमिकों का बढ़ा विश्वास



**बीजापुर, 13 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवादादाता)** । महात्मा गांधी नरेगा योजना अंतर्गत जमीनी अमलों द्वारा श्रमिको को यह जानकारी देते हुए आधार आधारित भुगतान प्रणाली से अवगत कराया जा रहा है। जिसके बाद इंडियन पोस्टल पेमेंट बैंक में खाता खुलवाने श्रमिको की भीड़ जुट रही है। इंडियन पोस्टल पेमेंट बैंक के शाखा प्रबंधक अभिषेक पात्रा ने बताया कि जिले के 126 डाक घरों में डायरेक्ट बेनिफिसरी ट्रांसफर खाता खोला जा रहा है।

इसके लिए मनरेगा के हितग्राहियों को अपना मोबाइल नंबर एवं आधार कार्ड लाना होगा। 126 स्थानों पर मनरेगा एवं अन्य योजनाओं का भुगतान ग्राम पंचायत स्तर पर शाखा डाक घरों के माध्यम से किया जा रहा है।हितग्राही को क्या करना होगामनरेगा के सहायक परियोजना अधिकारी मनीष सोनवानी ने बताया कि जिन हितग्राहियों का खाता नहीं खुला है उन्हें डी बी टी खाता खुलवाना होगा।जिनका खाता आधार आधारित भुगतान हेतु सक्षम नहीं हैं, उन्हें अपना पासबुक व आधार कार्ड के साथ बैंक जाना होगा। जिले में मनरेगा अंतर्गत 98 हजार से अधिक श्रमिक पंजीकृत हैं, जिनमें से 80 हजार श्रमिकों का आधार सीडिंग व 70 हजार का आधार सत्यापन है। वर्तमान में 53 हजार श्रमिक के खाते डी बी टी खाता में परिवर्तन हो चुके हैं।

## एक नजर

### कंपनी का डाटा चोरी कर लाखों की ठगी

**रायपुर, 13 जनवरी।** नंदन वन रोड स्थित रस ब्यूटी प्राइवेट लिमिटेड के कस्टमर का डेटा चोरी कर कंपनी के संचालक व कस्टमर से धोखाधड़ी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर आमानाका पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफअपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी परविंदर सिंह 36 वर्ष कैलाश नगर भिलाई का रहने वाला है। प्रार्थी का नंदनवन रोड में रस ब्यूटी प्राइवेट लिमिटेड नाम से कंपनी है। बताया जाता है कि अज्ञात व्यक्ति ने प्रार्थी के कंपनी के कस्टमर का डाटा चोरी कर अपनी कंपनी का प्रोडक्ट खरीदने का झांसा देकर अज्ञात मोबाइल नंबर से कस्टमरों को लिंक भेजा और अपने खाते में रकम जमा कराकर ठगी किया। जिससे प्रार्थी व कस्टमर से धोखाधड़ी किया है। प्रार्थी की शिकायत पर आमानाका पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफधोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### एजेंट, प्रतिनिधि बनाने के नाम पर 16 लाख की ठगी

**रायपुर, 13 जनवरी।** बीमा कंपनी का एजेंट प्रतिनिधि बनाने के नाम पर 16 लाख की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफधोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी हेमंत कुमार साहू 50 वर्ष स्मृतिनगर भिलाई का रहने वाला है। बताया जाता है कि अज्ञात आरोपी ने प्रार्थी को फ्यूचर जेनरली लाइफइंश्योरेंस में एजेंट प्रधिनित्व करना बताकर आरोपी ने प्रार्थी से दो किस्तों में अपनी खाते में 16 लाख रुपए जमा करवा लिया। जब प्रार्थी को ठगे जाने का एहसास हुआ, तो उसने इसकी शिकायत डीडीनगर थाना में की। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफधोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### बयाना लेकर जमीन दूसरे को बेच दी धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**रायपुर, 13 जनवरी।** कैलाश नगर भनपुरी में बयाना लेकर किसी और को जमीन बेचने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सुधीर कुमार श्रीवास्तव 45 वर्ष कविलाश नगर भनपुरी का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी ने आरोपी मदन शर्मा से कविलाश नगर स्थित 1200 स्कवायर फिट भूमि को खरीदने के लिए 12 लाख 50 हजार रुपए बयाना देकर इकरारनामा किया। जिसके बाद आरोपी ने उक्त जमीन को किसी और को बेच दिया। जब प्रार्थी को इसकी जानकारी हुई तो उसने इसकी शिकायत खमतराई थाना में की। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफधोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### घर के बाहर खड़ी बाइक पार

**रायपुर, 13 जनवरी ।** लोधीपारा में घर के बाहर खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दी। प्रार्थी की शिकायत पर मोवा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफअपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी लोचन देवांगन 46 वर्ष राज मेडिकल के पीछे गली लोधीपारा का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपने घर के बाहर बाइक क्रमांक सीजी 04 एलएच 7787 को खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर मोवा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफअपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### निर्माणाधीन मकान से नकदी सहित हजारों रुपए का सामान पार

**रायपुर, 13 जनवरी ।** साहूपारा तेलीबांधा स्थित निर्माणाधीन मकान से एक चोर ने नकदी 4 हजार सहित अन्य सामान पार कर दिया। प्रार्थी कीर शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफअपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी राहुल साहू 23 वर्ष साहूपारा तेलीबांधा का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी दीपक बंजारे ने 9 से 11 जनवरी के मध्य प्रार्थी के निर्माणाधीन मकान से नकदी 4 हजार सहित ग्राइंडर मशीन व टाइल्स कटर चोरी कर लिया। जिसकी कीमत करीब 8700 रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी के खिलाफअपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### तीन सटोरिए चढ़े पुलिस के हत्थे

**रायपुर, 13 जनवरी ।** सेजबहार व गोबरानवापारा पुलिस ने सट्टा खिलाते तीन सटोरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से सट्टा-पट्टी सहित नकदी 3300 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार सेजबहार पुलिस ने डूंडा चौक के पास सट्टा खिलाते आरोपी रोहित टंडन 35 वर्ष व टिकेश्वर वैष्णव 35 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से सट्टा-पट्टी सहित नकदी 1200 रुपए जब्त किया है। इसी तरह गोबरानवापारा पुलिस ने महानदी पुल के पास सट्टा खिलाते आरोपी आकाश कंसारी 23 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से सट्टा-पट्टी सहित नकदी 2100 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफजुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

# धान खरीदी : बारदानों की कमी, कस्टम मिलिंग की मुख्य सचिव ने की समीक्षा

**रायगढ़, कोरबा, धमतरी, सूरजपुर, कोरिया में अनेक गड़बड़ियों की शिकायत**

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 13 जनवरी।** प्रदेश में धान की बम्पर खरीदी होने के कारण अब धान संग्रहण केंद्रों में जगह नहीं है। वहीं कस्टम मिलिंग का भी काम प्रभावित हो रहा है। सहकारी समितियों में बारदाना की कमी और अवैध परिवहन की शिकायतों को लेकर आज मुख्य सचिव ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ धान खरीदी की समीक्षा की है।



मिली जानकारी के अनुसार राज्य में खाद्य विभाग और मार्कफेड के माध्यम से धान खरीदी की जा रही है। 2406 केंद्रों में खरीदी चल रही है। मार्कफेड ने पर्याप्त मात्रा में बारदानों की आपूर्ति की थी लेकिन सत्ता परिवर्तन के बाद 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी शुरू हो गई है जिसके कारण अब सहकारी समितियों में बारदानों की कमी हो गई। सरकार द्वारा बारदाना के लिए अतिरिक्त पैसा नहीं दिया जा रहा है। परिणामस्वरूप किसान अपने लिए खुद का बारदाना खरीद रहे हैं। यह बारदाना बाजार में काफी महंगा मिल रहा है। अभी तक 95 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी की जा चुकी है। 31 जनवरी तक धान खरीदी चलेगी। वर्तमान में 2 हजार नग बोरा धान खरीदी की जाती है। प्रत्येक सहकारी समिति में अलग-अलग वेरायटियों के धान को अलग-अलग रखा जाता है। जिला कलेक्टरों के माध्यम से परिवहन का ठेका दिया जाता है लेकिन कोरबा, चांपा-जांजगीर तथा कई स्थानों में पर्याप्त मिलिंग नहीं हो रही है। आज मुख्य सचिव ने इन सभी शिकायतों के मिलने के बाद वस्तुस्थिति की जानकारी जिलेवार ली है।

### खाद्य विभाग का छापा

धान खरीदी के बाद इसे नियमानुसार मिलिंग के लिए भेजा जाता है। कोरबा, रायगढ़ में सर्वाधिक धान खरीदी प्रभावित होने की शिकायत मिली है। वहीं सूरजपुर, कोरिया तथा महासमुंद जिले में भी अवैध परिवहन की शिकायत मिलने पर छापा मारा गया है। यहां पर निर्धारित खरीदी से कम मात्रा में धान पाया गया है। राज्य सरकार कस्टम मिलिंग के बाद सेंट्रल पूल और स्टेट पूल में चावल भेज रहा है। इस वर्ष स्टेट पूल का कोटा ज्यादा है। चूंकि धान में नमी है इसलिए उत्तम श्रेणी का चावल नहीं बन पाता है। आज चिप्स में आयोजित बैठक में खाद्य संचालक सहित अन्य अधिकारी शामिल हुए।



*रायपुर 13 जनवरी। छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े दवा बाजार मेडिकल कंपलेक्स की दीवार पर सबसे बड़ी छत्तीसगढ़ की वॉल पेंटिंग की गई है जो जो लागों को आकर्षित कर रही है और अनेक लोगों को पेंटिंग के सम्मुख खड़े होकर सेल्फी लेने को प्रेरित कर रही है। पूरा दवा बाजार राममय में हो गया है। 22 तारीख को सुबह 9:00 बजे शोभायात्रा बहुत ही आकर्षक रूप से ढोल, आतिशबाजी और आकर्षक नृत्य दल के साथ दवा बाजार से प्रारंभ होगी जो लगभग 1:00 बजे दवा बाजार में समाप्त होगी। शोभा यात्रा के पश्चात भंडारे का आयोजन किया गया है।*

### धारदार हथियार लहराते दो गिरफ्तार

**रायपुर, 13 जनवरी ।** खम्हारडीह एवं मंदिरहसौद ने हथियार लहराते दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चाकू व तलवार जब्त किया है।

मिली जानकारी के अनुसार खम्हारडीह पुलिस ने कचना हाउसिंग बोर्ड के पास चाकू लहराते आरोपी ललीत चौहान 19 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चाकू जब्त किया है। इसी तरह मंदिरहसौद पुलिस ने श्वेता काालोनी के पास तलवार लहराते आरोपी सोनम क्षत्रि 32 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफआर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

# केंद्रीय मंत्री गिरीराज सिंह ने की पंचायत के कार्यों की समीक्षा

**मनरेगा, अटल आवास, प्रधानमंत्री सड़क योजना सहित अन्य कार्यों की ली जानकारी**

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 13 जनवरी।** केन्द्रीय पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री गिरीराज सिंह ने आज नई राजधानी में केंद्र शासित योजनाओं की समीक्षा की है जिसमें प्रधानमंत्री सड़क योजना, ग्रामीण आवास एवं मनरेगा प्रमुख है।

शासकीय प्रवक्ता से मिली जानकारी के अनुसार केंद्रीय ग्रामीण पंचायत मंत्री आज एक दिवसीय दौरे पर रायपुर पहुंचे। यहां पर उनका अधिकारियों ने भव्य स्वागत किया। छत्तीसगढ़ राज्य में प्रधानमंत्री आवास योजना को पिछली सरकार ने रोक दिया था। यहां पर 16 लाख से अधिक मकान नहीं बन पाए हैं। प्रधानमंत्री की यह अतिमहत्वाकांक्षी योजना है। नई सरकार ने इसके लिए एक बड़ा फंड जारी कर दिया है जिसके कारण प्रधानमंत्री आवास योजना का काम तेजी से हो रहा है। केंद्र द्वारा मजदूरों को 100 दिन का काम देने के लिए मनरेगा भी प्रारंभ किया गया था। यहां पर राज्य शासन द्वारा अनुदान नहीं दिए जाने के कारण इसके कई कार्य रूके हुए हैं। केंद्र शासित योजनाओं में नई नीति के अनुसार 60 प्रतिशत राज्य का तथा 40 प्रतिशत केंद्र की हिस्सेदारी होती है। मनरेगा में करोड़ों रुपए का भुगतान बाकी है। बैंक तथा पोस्ट ऑफिस व अन्य वित्तीय संस्थानों के माध्यम से इसका भुगतान किया जाता है। राज्य शासन के वरिष्ठ अधिकारियां ने इस बैठक में भाग लिया। उन्होंने प्रधानमंत्री सड़क योजना के संबंध में भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी है। बताया जाता है कि इसके लिए नॉर्म्स बने हुए हैं। इनका पालन नहीं होने से ये सड़कें खराब हो जाती है। पंचायत विभाग द्वारा बिहान सहित अन्य सामाजिक कार्यक्रम चालू किए गए हैं। राज्य ने केंद्र से अधिक से अधिक फंड देने की मांग की है।

# विवेकानंद उत्कर्ष परिषद ने मनाई स्वामी विवेकानंद की 161वी जयंती, हुई पेंटिंग एवम स्लोगन प्रतियोगिता भी

**रायपुर 13 जनवरी।** 12 जनवरी को स्वामी विवेकानन्द जी की 161 वी जयंती के अवसर पर स्वामी विवेकानंद उत्कर्ष परिषद् द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला कुकुरबेड़ा में मनाया गया ।

संस्था के अध्यक्ष श्रीमती दिप्ती दुबे एवम प्राचार्य श्रीमती नीलिमा शर्मा ने स्वामी विवेकानंद जी फोटो पर कर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुभारंभ किया।

उसके पश्चात स्कूल के सभी बच्चों को स्वामी विवेकानन्द की जीवनी एवम उनके विचारों को ग्रहण कर जीवन में कैसे सफल हो सकते है बताया साथ ही श्रीमति दुबे ने युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए कहा, कैसे आजकल के युवा नशे में लिप्त होकर अपनी भविष्य को अंधेरे में डाल रहे है जिससे न सिर्फ उनका भविष्य बल्कि उनका पूरा परिवार , हमारा समाज गर्त में जा रहा है।।दिप्ती दुबे ने विस्तार से बताया।




इस अवसर पर ÷नशामुक्ति÷ थीम पर पेंटिंग एवम स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे सभी विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया जिसमे पेंटिंग में प्रथम दृतीयस्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम .... दृतिया...स्थान प्राप्त किया।कार्यक्रम का समापन प्राचार्य श्रीमती नीलिमा शर्मा जी ने कहा, सभी बच्चों को नशा से कैसे दूर रहे , स्वामी विवेकानंद जी का जीवन आत्मसाथ करे।

कार्यक्रम में पंडित रविशंकर शुक्ल विश्विद्यालय के प्रोफ़ेसर टिकेश्वर साहू ने कहाँ की हम देशभक्ति अगर करना चाहते है तो सच्ची निष्ठा और ईमानदारी से किसी भी कार्य को करे उससे बड़ी कोई देश भक्ति नहीं हो सकती।

उक्त अवसर पर, डॉ पुणेशवारी बघेल, दीप्लता वर्मा, भरती साहू, स्नेहा, संचिता, नेहा, अंजली, श्रुति, तेजस्वानीं, धनेश्वरी,रिज़वाना, दीक्षा एवं अन्य सदस्य गण उपस्थित थे।

# कमला देवी संगीत महाविद्यालय का वार्षिकोत्सव नए सांगीतिक यात्रा के साथ मनाया गया

**रायपुर 13 जनवरी।** कमला देवी संगीत महाविद्यालय, रायपुर का वार्षिक कार्यक्रम 2024 का आयोजन एक नए सांगीतिक यात्रा के साथ किया गया। इस विशेष मौके पर, छात्रों ने अपनी सांगीतिक शक्तियों का प्रदर्शन किया और संगीत साधना के क्षेत्र में नए ऊंचाइयों की ओर बढ़ने का आलंबन किया। समृद्धि और समर्पण के साथ सम्पन्न इस समारोह ने सांगीत प्रेमियों को एक अद्वितीय अनुभव प्रदान किया।कमला देवी संगीत महाविद्यालय, रायपुर के छात्रों ने एक शानदार प्रदर्शन में साझा किया, जिसमें समूह तबला, लोकगीत और नृत्य का आत्मविश्वास भरा उत्साह दिखाया। हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत, वाद्यवृंद और गायन में छात्रों ने अपने कौशल का प्रदर्शन किया। प्रमुख अतिथि पुरंदर मिश्रा जी, रायपुर उत्तर के विधायक, ने इस सांगीतिक महोत्सव को आदर्श से सम्मानित किया। इस मौके पर रायपुर के उत्कृष्ट व्यक्तित्व तरल मोदी जी ने अध्यक्षता की और विशेष अतिथि श्री अजय तिवारी जी ने भी उपस्थित रहकर छात्रों को प्रेरित किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विद्यानाथ सिंह ने इस सफलता के पीछे छात्रों और कर्मचारियों का साथ देने का आभार व्यक्त किया।



### सर्व ब्राह्मण समाज ने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से भेंट की

**रायपुर 13 जनवरी।** सर्व ब्राह्मण समाज का प्रतिनिधिमंडल ने नवीन विश्राम गृह में उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा से मुलाकात कर स्वागत किया एवं बधाई दी। समाज द्वारा राजनांदगांव में आयोजित होने जा रहे युवक युवती परिचय सम्मेलन , प्रदेश स्तरीय सामाजिक सम्मेलन एवं प्रदेश के निर्वाचित ब्राह्मण विधायको पुरंदर मिश्रा, अनुज शर्मा एवं सुशांत शुक्ला का अभिनंदन समारोह अवसर पर अतिथि हेतु आमंत्रित किया गया , जिसकी सहर्ष स्वीकृति उपमुख्यमंत्री ने दे दी। प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा, राजनांदगांव जिला अध्यक्ष मोलेश तिवारी , महासचिव राकेश दुबे , शिव शर्मा , आशुतोष दुबे सहित पदाधिकारी शामिल थे।



# चेंबर प्रीमियर लीग टूर्नामेंट में फार्मा डीलर्स एसोसिएशन पहुंची क्वार्टर फ़ाइनल में

**रायपुर 13 जनवरी।** छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तम गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल, कैट सी.जी.चेप्टर के प्रदेश अध्यक्ष जीतेन्द्र दोशी, महामंत्री सुरिन्दर सिंह, कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि चेंबर प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट के चौथे दिन कनफेडरेशन का फरमा डीलर्स एसोसिएशन ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह बनाई।छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के अध्यक्ष श्री अमर पारवानी जी की अध्यक्षता में मैच खेला गया तथा प्लेयर ऑफ़ द मैच बेस्ट बॉलर एवं बेस्ट बेटर परवानी जी के हाथों पुरस्कृत हुए।




नॉकआउट राउंड के चौथे दिन के पहले मैच में डूमर तराई व्यापारी कल्याण महासंघ2 का मुकाबला छत्तीसगढ़ रेस्टोरेंट एंड कैफे वेलफेयर एसोसिएशन से हुआ जिसमें डूमर तराई व्यापारी संघ ने 47 रनों से जीत दर्ज की। डुमरतराई व्यापारी संघ के सनी डेंगवानी ने 53 रन की पारी खेलते हुए प्लेयर ऑफ द मैच एवं बेस्ट बेटर का खिताब अपने नाम किया वही सागर मंधानी 2 विकेट लेकर बेस्ट बॉलर बने।

नॉकआउट राउंड के दूसरे मैच में रायपुर ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन ने 10 ओवर में 69 रनों का लक्ष्य दिया जिसे कनफेडरेशन का फरमा डीलर्स एसोसिएशन ने केवल 5.1 ओवर में ही 73 रन बनाकर जीत हासिल की। कनफेडरेशन का फरमा डीलर्स एसोसिएशन के श्रवण साहू ने एक मेडन ओवर डालते हुए दो ओवर में चार रन देकर दो विकेट झटके और प्लेयर ऑफ द मैच एवं बेस्ट बॉलर बने। वही रायपुर ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन के करन मन्धान बेस्ट बेटर रहे।

# भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ रायपुर ने बृजमोहन अग्रवाल से भेंट कर दी स्काउट-गाइड की प्रगति की जानकारी

**रायपुर 13 जनवरी।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के उपनियम की धारा -17 के अन्तर्गत, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य परिषद के राज्य अध्यक्ष के पद पर,माननीय बृजमोहन अग्रवाल जी, स्कूल शिक्षा मंत्री छत्तीसगढ़ शासन के मनोनीत होने पर, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ-रायपुर के जिला अध्यक्ष श्री जी.स्वामी, तथा जिला मुख्य आयुक्त डॉ.सुरेश शुक्ला के नेतृत्व में बुके व पुष्पमाला से माननीय बृजमोहन अग्रवाल जी का आत्मीय स्वागत करते हुए सौजन्य मुलाकात की गई। जिला सचिव मृत्युंजय शुक्ला ने आगामी स्काउटिंग गतिविधियों की योजना बताई तथा जिला संगठन आयुक्त-स्काउट बालक दास राउत ने स्काउट-गाइड की प्रगति से अवगत कराया।



सौजन्य मुलाकात में रायपुर जिले के बालाजी विद्या मंदिर देवेन्द्र नगर,एवं आडवाणी ऑलिकान शा.उ.मा.वि?. बिरगांव व अरूंधति सेजेस स्कूल आरंग के स्काउट-गाइड ,तथा जिले के स्काउटर-गाइडर उत्साहपूर्वक शामिल हुए, जिसमें जिला उपाध्यक्ष श्री एल.डी.दुबे जी,जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्का.) श्री गोपाल राम वर्मा, जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड़ सुश्री शाहिना परवीन, जिला संयुक्त सचिव श्रीमति लीना वर्मा, विकास खंड सचिव आरंग रोहित कुमार वर्मा, एएलटी-स्काउट हेमधर साहू , गाइडर प्री-एएलटी श्रीमति सपना बडोनीया, श्री युवराज मिश्रा,नमन साहू,श्रीमति मनीषा वाईकर, श्रीमति निशा सिंह, श्रीमति अर्पणा तिवारी, सुश्री कुमुद देवांगन, श्रीमति आशा जाधव, श्रीमति सुषमा राठौरआदि उपस्थित थे।

# अधिकारी एवं प्राध्यापक संघ ने शिक्षा मंत्री का किया स्वागत

**रायपुर 13 जनवरी।** छत्तीसगढ़ अधिकारी एवं प्राध्यापक संघ का एक प्रतिनिधिमंडल प्रांतीय अध्यक्ष डॉ के. के. बिंदल के नेतृत्व में उच्च शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल से उनका स्वागत किया एवं अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। प्रमुख रूप से सातवें वेतनमान का ,के डिपॉजिट के एरियर्स का भुगतान , प्राध्यापक से प्राचार्य तथा सहायक प्राध्यापक से प्राध्यापक पद पर पदोन्नति, क्रीड़ा अधिकारी एवं ग्रंथपाल की सेवा निवृत्ति आयु 62 से 65 करने हेतु ए.जी.पी में स्थानन 10000 ए.जी.पी एवं पेंशन निराकरण शीघ्र करने हेतु ज्ञापन दिया । प्रतिनिधि मंडल में डॉ के .के. बिंदल , डॉ अशोक शर्मा, डॉ सुभद्रा राठौर, डॉ तपेश गुप्ता ,डॉ राजेश शुक्ला डॉ ध्रुव पांडे, डॉ रामानंद यादव डॉ विपिन शर्मा, डॉ जे. एन. वर्मा ,डॉ प्रीति शर्मा, डॉ प्रमोद मेने ,डॉअजीत हुंडेत ,डॉ अभया जोगलेकर , डॉ रूपेंद्र चौहान ,डॉ रविंद्र नाथ मिश्रा ,डॉ रश्मि मिंज, डॉ नंदा गुरवारा,,डॉ वासु वर्मा सहित प्राध्यापक गण शामिल थे।



कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26